बुधवार

13 मार्च 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




बारात जा रहे चार युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

2



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार और उत्तर प्रदेश को दी तीन-तीन वंदे भारत ट्रेन की सौगात

# देश को एक साथ 10 वंदे भारत का तोहफा

- पीएम मोदी ने अहमदाबाद से 85 हजार करोड़ रुपए के रेलवे प्रॉजेक्ट्स का किया शिलान्यास और लोकार्पण
- मोदी बोले- मैंने अपना जीवन रेलवे पटरियों पर शुरू किया, इसलिए मुझे पता है कि पहले हमारी रेलवे की स्थिति कितनी खराब थी

**केटी न्यूज /पटना-लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से देश को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने मंगलवार को अहमदाबाद से 85 हजार करोड़ रुपए के रेलवे प्रॉजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा देशभर में 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल के बिजी रूट पर अब दो वंदे भारत एक्सप्रेस दौड़ेगी। पहले से चल रहीं 4 वंदे भारत ट्रेनों के रूट में विस्तार भी किया गया है। 10 नई वंदे भारत ट्रेनों के चलने से यूपी, बिहार, झारखंड, राजस्थान, ओडिशा, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश समेत एक दर्जन से अधिक राज्यों को फायदा मिलने जा रहा है। पीएम मोदी ने रेलवे के विकास और विस्तार के लिए उनकी सरकार की ओर से किए गए कामकाज को गिनाया। उन्होंने कहा, 'मैंने अपना जीवन रेलवे पटरियों पर शुरू किया, इसलिए मुझे पता है कि पहले हमारी रेलवे की स्थिति कितनी खराब थी। उन्होंने कहा कि रेलवे बजट की व्यवस्था को समाप्त कर इसे केंद्रीय बजट में शामिल किया ताकि सरकारी पैसे का इस्तेमाल रेलवे के विकास में किया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को तीन और नई वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात दी है. रांची-वाराणसी वंदे भारत बिहार-यूपी होकर चलेगी, जबकि पटना जंक्शन से लखनऊ वाया अयोध्या वंदे भारत ट्रेन चलेगी। इसके अलावा पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत ट्रेन चलेगी। इन तीनों नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत के साथ बिहार में अब पांच वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया है।



### महज आठ घंटे में पहुंचेंगे मगध से अवध

पटना से लखनऊ के बीच शुरू हुई वंदेभारत एक्सप्रेस करीब छह घंटा 20 मिनट में अयोध्या पहुंचेगी। वहीं लगभग 8 घंटे 40 मिनट में लखनऊ पहुंचेगी। इस ट्रेन की शुरूआत के साथ बिहार और उत्तर प्रदेश के रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। रेलवे बोर्ड ने पटना से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के सफल ट्रायल रन के बाद उसके संचालन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. सप्ताह में छह दिन ये ट्रेन चलेंगी। सिर्फ बुधवार को ये ट्रेन नहीं चलेगी. इस ट्रेन का प्राइमरी मेंटनेंस रोजाना पटना में होगा। इस ट्रेन के चलने से पटना से पीडीडीयू की दूरी 2.35 घंटे में पूरी होगी, जबकि प. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से लखनऊ की दूरी छह घंटे में पूरी होगी। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत है।

**पटना से सुबह 6:05 बजे तो लखनऊ से दोपहर 3:20 बजे खुलेगी ट्रेन:** वंदे भारत एक्सप्रेस पटना से चलकर 6:16 बजे दानापुर, 6:43 बजे आरा, 7:23 बजे बक्सर और 8:40 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचेगी। इसके बाद 9.30 बजे वाराणसी, दोपहर 12:35 बजे अयोध्या होकर दोपहर 2:45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ से वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर 3:30 बजे खुलकर शाम 5:20 बजे अयोध्या पहुंचेगी। इसके बाद रात 8:15 बजे वाराणसी, 8:50 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, 9:45 बजे बक्सर, 10:35 बजे आरा, 11:07 बजे दानापुर और रात 11:45 बजे पटना पहुंचेगी।

**महज सात घंटे में न्यू जलपाईगुड़ी से पटना तक का पूरा होगा सफर:** बिहार और बंगाल के बीच अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ से दोनों राज्यों के लोग, बढ़ी हुई गति और आरामपूर्वक तेज यात्रा का अनुभव कर रहे हैं। ट्रेन संख्या 02233 न्यू जलपाईगुड़ी - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस न्यू जलपाईगुड़ी से सुबह 9 बजे प्रस्थान कर अपने गंतव्य पटना जंक्शन 17:30 पहुंचेगी। 14 मार्च से दोनों ट्रेनें दोनों ओर से लगभग 471 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए लगभग सात घंटे में अपने गंतव्य पहुंचेंगी। 8 कोचों वाली इस वंदे भारत ट्रेन में 530 लोगों की बैठने की क्षमता है। इसमें एक एग्जीक्यूटिव क्लास, पांच चेयर कार और दो ड्राइवर ट्रेल कोच हैं। न्यू जलपाईगुड़ी- पटना जंक्शन के बीच कैटरिंग शुल्क रहित ट्रेन यात्रा का किराया एक्जीक्यूटिव क्लास के लिए 2080 रुपए और चेयर कार के लिए 1040 रुपए हैं, जबकि कैटरिंग शुल्क सहित क्रमशः 2250 और 1180 रुपए होगा।

**पटना से दोपहर 1:00 बजे और न्यू जलपाईगुड़ी से सुबह 5:15 में चलेगी ट्रेन:** न्यू जलपाईगुड़ी से वंदे भारत सुबह 5:15 बजे खुलेगी, जो कटिहार 7:45 बजे पहुंचेगी और आगे के लिए 7:50 बजे खुलेगी। इसके बाद यह ट्रेन पटना जंक्शन पर दिन के दिन के 12:10 बजे पहुंचेगी। वहीं पुनः न्यू जलपाईगुड़ी के लिए दिन के एक बजे पटना जंक्शन से खुलकर शाम 5:35 बजे कटिहार पहुंचेगी और आगे के लिए 5:40 बजे प्रस्थान करेगी, जो न्यू जलपाईगुड़ी 8 बजे रात में पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन का ठहराव किशनगंज, नवगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, मोकामा, बख्तियारपुर और पटना सिटी में होगा।

### सीएम योगी ने पीएम मोदी के प्रति जताया आभार



मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने देश को 10 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी है। इनमें पीएम ने लखनऊ-देहरादून, पटना-लखनऊ और रांची-वाराणसी के लिए भी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वहीं, गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का एक्सटेंशन प्रयागराज तक किया गया है।

**परियोजनाओं की शुरूआत पर सीएम योगी ने जताई खुशी:** सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी का आभार जताते हुए लिखा, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आज राष्ट्र के विकास को रफ्तार देतीं 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से सहभाग किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने पटना-लखनऊ, लखनऊ-देहरादून, रांची-वाराणसी सहित देश के लिए 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ के साथ ही गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार प्रदान किया। देश में माल परिवहन की सुगमता के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की माल गाड़ियों को हरी झंडी भी दिखाई। 'विकसित भारत' के नवनिर्माण को विस्तार देतीं इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार।' माना जा रहा है कि पीएम द्वारा यूपी के लिए रेलवे से संबंधित शुरू की गईं इन परियोजनाओं से प्रदेश के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे।

**पीएम मोदी ने कुंभ और अयोध्या का भी किया जिक्र:** कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज विकसित भारत की दिशा में देश ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। इस कार्यक्रम में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि जनभावनाओं का ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार वंदे भारत ट्रेनों की संख्या के साथ ही इनके रूट का भी विस्तार कर रही है। इसी क्रम मंए गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस अब प्रयागराज तक जाएगी। उन्होंने साथ ही ये भी कहा कि इस बार तो कुंभ का मेला होने वाला है तो इसका और भी महत्व बढ़ जाएगा। इसके अलावा पीएम मोदी ने अयोध्या जा रही आस्था स्पेशल ट्रेनों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विरासत भी और विकास भी के मंत्र को आत्मसात करते हुए आस्था से जुड़े हुए पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। आज देश में रामायण सर्किट, गुरुकृपा सर्किट, जैन यात्रा पर भारत गौरव ट्रेनें चल रही हैं। यही नहीं, आस्था स्पेशल ट्रेनें तो देश भर से रामभक्तों को अयोध्या तक ले जा रही हैं। अब तक करीब 350 आस्था ट्रेनें चली हैं और इनके माध्यम से 4.5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्रीराम लला के दर्शन किए हैं।

## कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के कई ठिकानों पर ईडी का छापा

**एजेंसी/हजारीबाग**



प्रवर्तन निदेशालय ने हजारीबाग जिले के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के कई ठिकानों पर मंगलवार की सुबह छापेमारी की। ईडी की यह कार्रवाई अंबा प्रसाद के हजारीबाग स्थित आवास में चल रही है। बताया जा रहा है कि बालू के अवैध कारोबार और जमीन पर जबरन कब्जा को लेकर ईडी की ओर से यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल ईडी की ओर से इस छापेमारी को लेकर किसी तरह की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के रांची स्थित आवास में भी ईडी की छापेमारी की गई है। इसके अलावा अंबा प्रसाद के कई रिश्तेदारों के यहां भी दबिश दिए जाने की खबर है। अंबा प्रसाद ने हाल ही में बीजेपी के पूर्व कद्दावर नेता यशवंत सिन्हा से मुलाकात की। अंबा प्रसाद के बारे में चर्चा थी कि वो हजारीबाग सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में लड़ने की तैयारी में जुटी थी। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम बड़कागांव विधायक के अलावा शशि भूषण सिंह समेत कुल 17 लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। ये कार्रवाई जमीन और बालू कारोबार में मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर हो रही है। अब तक की सूचना के अनुसार ये सभी लोग विधायक अंबा प्रसाद के रिश्तेदार और करीबी बताए जाते हैं।

## जैसलमेर में ट्रेनिंग के दौरान एयरफोर्स का विमान दुर्घटनाग्रस्त

**एजेंसी/जैसलमेर**

राजस्थान के जैसलमेर में ट्रेनिंग के दौरान इंडियन एयरफोर्स का एक विमान अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। खबरें हैं कि यह एक लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट था, जो एक युद्धाभ्यास में शामिल था और इसी दौरान अचानक यह हादसे का शिकार हो गया। गनीमत यह रही कि सही समय पर पायलट विमान से बाहर निकल आया था। इस मामले में कोर्ट ऑफ इंक्वॉयरी के आदेश दे दिए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक जैसलमेर में वायुसेना का युद्धाभ्यास जारी था और इस दौरान ही इंडियन एयरफोर्स का लाइट कॉम्बैट फाइटर जेट एयरक्राफ्ट तेजस हादसे का शिकार हुआ। हालांकि इस हादसे में विमान के पायलट की जान बाल-बाल बची है। उन्होंने ठीक समय पर खुद को एयरक्राफ्ट से इजेक्ट कर लिया था। वायुसेना ने इस हादसे को लेकर बताया कि तेजस विमान जैसलमेर में आज ऑपरेशनल ट्रेनिंग पर था और इसी दौरान वो दुर्घटना का शिकार हुआ है। दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए वायुसेना के अधिकारियों द्वारा को कोर्ट ऑफ इन्क्वॉयरी का गठन कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक एयरफोर्स का लड़ाकू विमान तेजस जैसलमेर शहर के बीच जवाहर कॉलोनी के पास घनी आबादी वाले इलाके में आग के गोले की तरह गिरा और एक हॉस्टल से टकरा गया।

## नायब सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की ली शपथ

**एजेंसी/चंड़ीगढ़**

कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सैनी हरियाणा के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लग थी। मीटिंग के बाद नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया और पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने फूल देकर उन्हें बधाई दी। नायब सैनी को सीएम मनोहर लाल खट्टर का सबसे करीबी माना जाता है। माना जाता है कि सीएम ने ही उन्हें कुरुक्षेत्र से टिकट दिए जाने की पैरवी की थी। इसमें नायब सैनी खरे भी उतरे थे। उन्होंने चुनाव जीत कर सीएम के भरोसे को कायम रखा। नायब सैनी ने मंगलवार की शाम 5 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान सैनी के साथ कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौधरी रंजीत सिंह चौटाला, जय प्रकाश दलाल और बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं विधायक दल की मीटिंग से पूर्व गृहमंत्री अनिल विज नाराज हो कर निकल गए। उन्हें नायब सैनी के नाम पर एतराज था।

## सीएए लागू होने के बाद दिल्ली की बढ़ाई गई सुरक्षा, जामिया के छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार द्वारा देश में सीएए लागू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में छात्रों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके चलते पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। सुरक्षा के चलते भारी संख्या में अर्द्ध सैनिक बल और पुलिस बल को तैनात किया गया है। सीएए लागू होने के बाद से दिल्ली पुलिस संवेदनशील इलाकों में तैनात है। पिछली बार सीएए-एनआरसी के खिलाफ हुए प्रदर्शन वाले स्थान शाहीन बाग में भी पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। जामिया का गेट नंबर सात बंद कर दिया गया है। साथ ही ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। शाहीन बाग और जामिया एक ही स्थान पर है। संवेदनशील इलाका होने और छात्रों के विरोध प्रदर्शन के चलते अतिरिक्त पुलिस बल बुला लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 यानी सीएए के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सीएए नियम जारी होने के बाद जो लोग बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे केवल उन्हें ही केंद्र सरकार द्वारा भारतीय राष्ट्रीयता दी जाएगी। सीएए में छह गैर-मुस्लिम समुदायों हिंदू, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं।

### जांच टीम दो दिन में सौंपेगी रिपोर्ट, दोषी पाए गए अधिकारियों पर गिरेजी गाज

# गाजीपुर बस अग्निकांड... सीडीओ और एसएसपी करेंगे जांच

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के मरदह विकास खंड अंतर्गत महाहर धाम के पास बस अग्निकांड की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। सूचना विभाग के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक नगर की संयुक्त टीम घटना की सभी पहलुओं की जांच करेगी। उक्त टीम अपनी रिपोर्ट दो दिन के अंदर जिलाधिकारी को सौंपेगी। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। घटना से संबंधित सभी तथ्यों को मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को अवगत करा दिया गया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि 11 मार्च को ग्राम सुलेमापुर देवकली थाना मरदह तहसील सदर, जनपद गाजीपुर में ग्राम खिरिया थाना रानीपुर तहसील मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ निवासी नन्दू पुत्र रामबचन की पुत्री का विवाह सम्पन्न कराने के लिए बस संख्या यूपी 65 एआर -9567 द्वारा 40 से 45 व्यक्ति स्थानीय थाना मरदह में



स्थित महाहर धाम से 100 मीटर पहले मेन रोड से उतर कर नहर की पटरी पर जा रही थी।

करीब 150 मीटर जाने के बाद 11000 वोल्ट की विद्युत तार से टकरा जाने के कारण लगभग दो बजे अपराह्न बस में आग लग गई। सूचना प्राप्त होते ही उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद गाजीपुर तथा स्थानीय थाने की फोर्स मौके पर पहुंची। फायर टेंडर व स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। समय करीब 2.45 बजे अपरान्ह जिलाधिकारी आर्यका अखौरी व एसपी ओमवीर सिंह मौके पर पहुंचे। उस समय मौके पर घटना के समय ही 04 व्यक्ति की आग से जलकर मृत्यु हो चुकी थी।

### आंखों देखी... और दुधमुंही बच्ची को जलती बस से फेंका

**गाजीपुर।** जनपद में सोमवार की दोपहर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बस में आग लग गई। दर्दनाक बस अग्निकांड में चार महिलाओं समेत पांच लोग जिंदा जल गए। दस लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। जानकारी के अनुसार मऊ जनपद के रानीपुर के खिरिया गांव के नंदू पासवास की बेटी की शादी जिले के करीमुद्दीनपुर इलाके के तेज बहादुर पासवान के साथ तय हुई थी। महाहर धाम में ही शादी होनी थी। इसी शादी में शामिल होने के लिए लड़की पक्ष के लोग बस से आ रहे थे। बस दोपहर 1.46 बजे सुलेमापुर-देवकली नहर किनारे पहुंची थी कि हाईटेंशन लाइन में फंस गई। आस-पास के लोगों ने नहर के पानी से आग पर काबू पाया। हादसे वाली बस में सुनीता अपनी पांच माह की बच्ची के साथ सवार थी। अचानक जब उस बस में आग लग गई तो बच्ची को बचाने के लिए सुनीता ने उसे गेहूं के खेत में फेंक दिया था। हादसे के काफी देर बाद बच्ची वहां मौजूद लोगों को मिली। जलती बस से दूर खेत में पड़ी बच्ची को किसी ने देखा और उसे पुलिस को सौंपा। बस हादसे ने सबको अंदर से हिलाकर रख दिया। लोगों की दास्तां सुनकर हर किसी के रोंगटे खड़े हो गए। बस में सवार बचे लोग अस्पताल में संघर्ष कर रहे हैं। इनमें कुछ से बातचीत की गई, तो वे उस समय को याद कर रो पड़े और हादसे को बयां किया। इनमें सुनीता भी शामिल थी, जिसने अपनी बच्ची को बचाने के लिए उसे गेहूं के खेत तक में फेंक दिया था। हादसे के बाद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग इतना भयानक थी कि बुझाने का साहस कोई नहीं जुटा पा रहा था। वहीं बस में सवार एक महिला ने बताया किसी तरह अपनी जान बचाई। बिलखते हुए उसने बताया कि बस पूरी भरी थी। उसमें बच्चे व महिलाएं भी सवार थीं। कहा कि कई लोगों की मौत हो गई है, संख्या बताना मुश्किल है।

**घटना के बाद तीन निलंबित:** बिजली निगम के तीन अधिकारियों अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार निलंबित कर दिए गए हैं। संविदाकर्मी लाइनमैन नरेंद्र की सेवा समाप्त कर दी गई है।




## गया-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाईवा ने रौंदा

# बारात जा रहे चार युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

♦ सभी मृतक बेलागंज थाना क्षेत्र के सिमरा गांव के ह बताए जाते हैं, शादी की खुशी मातम में बदली



**केटी न्यूज/समस्तीपुर**

बिहार के गया जिले में सोमवार की देर शाम गया-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण हादसे में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बेलागंज थाना क्षेत्र के खिजरसराय-रामपुर मोड़ के समीप हुआ, जब अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से अपाची बाईक से बारात जा रहे चार युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई। सभी मृतक थाना क्षेत्र के सिमरा गांव निवासी बताए जा रहे हैं। जो चाकंद थाना क्षेत्र के किसी गांव में बारात में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार बाइक सवार चारों युवक जैसे ही खिजरसराय रोड से एनएच पर उतरे, तेज रफ्तार अनियंत्रित हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे चारों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

वहीं, हाईवा का चालक घटना के बाद वाहन लेकर भागने में सफल हो गया। घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शवों को कब्जा में लेकर मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष विनय कृष्ण प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों में राजाराम प्रजापत का छोटा बेटा रवि कुमार उर्फ पीटी कुमार (14), गांव के राजू पासवान के बेटे गौरव कुमार (18), टूटू पासवान के बेटे जितेंद्र कुमार (22) और गांव के एक दामाद हुलासगंज थाना क्षेत्र के बिहटा निवासी कामदेव पासवान के बेटे पुरुषोत्तम कुमार (25) शामिल हैं। सड़क दुर्घटना में चारों की मौत होने की सूचना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। शादी का माहौल मातम में बदल गया। मौत की खबर पाते ही बारात दरवाजे से लौट गई और शादी का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

वहीं, मंगलवार की दोपहर पुलिस पोस्टमार्टम कराकर सभी मृतकों के शव को परिजनों को सौंप दिया। बीडीओ राघवेंद्र कुमार शर्मा सीओ गजानन मेहता, थानाध्यक्ष विनय कृष्ण प्रसाद द्वारा चारों मृतक के परिजनों से मुलाकात कर कबीर और अंत्येष्टि और पारिवारिक कल्याण योजना के तहत तेईस हजार की सहयोग राशि प्रदान की गई।

# नीतीश कुमार को गोली मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**आरोपी युवक बोला- गुस्से में हो गई गलती**

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धमकी देने वाले युवक को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीएम को धमकी देने वाले युवक का नाम विशेष चतुर्वेदी है। विशेष ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर सीएम नीतीश को गोली मारने की धमकी दी थी। विशेष चतुर्वेदी की गिरफ्तारी बाढ़ एनटीपीसी से हुई है। पुलिस ने जब आरोपित को गिरफ्तार किया तो उसने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपित ने यह भी कहा है कि गुस्से में आकर उसने सीएम को धमकी दी है, जिसके लिए वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगता है।

गिरफ्त में आए आरोपी ने बताया कि मुंबई में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ दोस्तों के ताने सुन सुनकर वह आवेश में आ गया था और उसी आवेश में आकर उसने सीएम नीतीश कुमार को धमकी दे दी थी। आरोपी छात्र ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी है और कहा है कि उससे गलती हो गई है। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विशेष ने पुलिस को बताया कि दिल्ली में रहने वाले उसके दोस्त पिछले दिनों सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा दिए गए बयान को लेकर उसे अक्सर चिढ़ाते रहते थे। जिसके बाद से वह काफी नाराज चल रहा था। इसी बात से आवेश में आकर विशेष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दे डाली। फिलहाल कोतवाली थाने की पुलिस ने गिरफ्तार युवक से पूछताछ शुरू कर दी है। पटना पुलिस के अधिकारियों की मानें तो विशेष चतुर्वेदी ने अपनी गलती स्वीकार की है और उसने पुलिस से कहा है कि फ्रस्ट्रेशन में आकर उसने इस तरह का काम किया है।

# राजद ने केंद्र सरकार से पूछे सवाल... सीएए में आखिर मुसलमानों को क्यों छोड़ दिया गया

♦ राजद ने कहा- लोकसभा चुनाव से पहले यह लोगों को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने का भाजपा का एजेंडा



**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से सोमवार को उअअ को लेकर अधिसूचना जारी करने के बाद पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों को छोड़कर पूरे देश में यह कानून लागू हो गया हालांकि लोकसभा चुनाव से पहले लिए गए सरकार के इस फैसले पर सवाल भी उठ रहे हैं। लालू-तेजस्वी की पार्टी आरजेडी ने केंद्र की बीजेपी सरकार से सवाल पूछे हैं। आरजेडी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने सीसीए लागू करने के समय को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मणिपुर पिछले चार महीनों से जल रहा है लेकिन केंद्र सरकार ने मणिपुर की तरफ से आंखें मूंद लीं, क्योंकि यहां अल्पसंख्यकों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जो विविधता में एकता को प्रदर्शित करता है और हमारे पास एक धर्मनिरपेक्ष ताना-बाना है। लोकसभा चुनाव से पहले यह लोगों को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने का भाजपा का स्पष्ट एजेंडा था।

बता दें कि देश में इस कानून के लागू होने के बाद अब दूसरे देश से भारत आए गैर-मुस्लिम शर्णार्थियों को केंद्र सरकार देश की नागरिकता दे सकेगी हालांकि, इसको लेकर पूरे देश में सियासत शुरू हो गई है और लोकसभा चुनाव से पहले देश में सीएए लागू करने को लेकर विपक्षी दल विरोध जताने लगे हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस कानून को लागू किया है। उधर, मुस्लिम संगठनों ने इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और इस कानून को असंवैधानिक करार देते हुए कोर्ट से इसपर रोक लगाने की मांग की है।






# पटना में ऑटो में बैठे यात्री का बैग काटकर पैसे ले उड़े उचक्के

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में ऑटो लिफ्टर गैंग ने पुलिस की परेशानी बढ़ा दी है। यहां लगातार ऑटो लिफ्टर गैंग लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला पटना जंक्शन से जुड़ा है, जहां कंकड़बाग जाने के लिए ऑटो में बैठे यात्री के बैग से छह लाख रुपए चोरी हो गए। हालांकि मामले में हुए हंगामे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। वहीं गाड़ी की तलाशी लेने के दौरान कैश बैग से चोरी हुए पैसा भी बरामद किए गया।

पूरी घटना को लेकर कोतवाली लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को मजदूरों को पेमेंट करने के लिए पीड़ित मिथलेश शर्मा कोतवाली थाना क्षेत्र के स्टेशन गोलंबर से कंकड़बाग जानेवाली टेंपो में सवार हुए थे। इस दौरान ऑटो में ड्राइवर के साथ दो और पीछे की सीट पर पहले से ही दो यात्री मौजूद थे। इस दौरान मिथलेश शर्मा बार-बार पैसे से भरे बैग को संभाल रहे थे। जब ऑटो चिरैयाटांड पुल पर पहुंची तो उन्होंने बैग को कटा हुआ पाया, साथ ही सारे पैसे भी गायब मिले। जिसके बाद उन्होंने शोर करना शुरू कर दिया। मुश्किलों में घिरता देख ऑटो चालक गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गया। लेकिन पीड़ित द्वारा पीछा किए जाने और शोर मचाने पर पकड़े जाने के डर से शातिर ऑटो लिफ्टर गैंग के सभी चारों सदस्य ऑटो छोड़ फरार हो गए।

बाद में कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलते ही कंकड़बाग थाने से संपर्क किया। जिसके बाद तत्काल संबंधित ऑटो को कब्जे में लिया गया। बाद में जब ऑटो की जांच की गई तो गाड़ी के बैग में सारे रुपए रखे हुए मिले। जिसे पुलिस ने पीड़ित को वापस लौटा दिया।

# मंदिर बनाने के विवाद में एक परिवार पर तेजाब से हमला

**गोपालगंज जिले के मछागर गांव का मामला**

**केटी न्यूज/गोपालगंज**

गोपालगंज में मंदिर बनाने के विवाद में एक परिवार पर तेजाब से हमला कर दिया गया। तेजाब से झुलसे रितेश पूरी और मनीष पूरी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। घटना के बाद दोनों पक्ष में तनाव व्याप्त है। मृतक की पहचान 42 वर्षीय कप्तान साह के रूप में की गई है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस की टीम कैंप की हुई है। बताया जाता है कि मृतक कप्तान साह मछागर गांव में बजरंग बली का मंदिर बनवा रहे थे। इसका विरोध पड़ोसी और वार्ड सदस्य निर्भय पुरी कर रहे थे। इससे पूर्व में भी दीपावली के दिन भी मंदिर बनवाने को लेकर विवाद हुआ था।

**बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफरः** बताया जाता है की सोमवार की रात पड़ोसियों ने तेजाब से हमला कर दिया, जिसमें कप्तान साह की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, तेजाब के हमले में दूसरे पक्ष से मनीष पूरी और रितेश पूरी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल से सदर अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ राहुल रंजन ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। पूरे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं।

# दो लाख रु. का इनामी कुख्यात गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बेगूसराय पुलिस ने 2 लाख के इनामी कुख्यात बदमाश नीतीश कुमार व उसके एक साथी को भारी मात्रा में हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 4 पिस्तौल, 2 रिवाल्वर और 63 कारतूस जब्त किया है। नीतीश कुमार जिले का कुख्यात बदमाश है। इस पर हत्या, लूट के कई मामले दर्ज हैं।






**डीएम का आदेश**

# जमीन के निबंधन में गलत दस्तावेज दिया तो होगी कार्रवाई



**पटना।** पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने जिलान्तर्गत सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, भूमि सुधार उप समाहताओं तथा लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों को निबंधन अधिनियम, 1908 की धारा 82 एवं भारतीय मुद्रांक अधिनियम की धारा 27 के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दस्तावेजों के निबंधन के क्रम में संबंधित दस्तावेजों में गलत साक्ष्य विवरणी, कागजात तथा गलत पहचान-पत्र, भूमि पर अवस्थित संरचना को छुपाकर एवं भूमि को गलत प्रकृति, अवस्थिति को अंकित कर दस्तावेज का निबंधन कराने की प्रवृति पर रोक लगाने हेतु निबंधन अधिनियम, 1908 की धारा-82 एवं भारतीय मुद्रांक अधिनियम की धारा 27 का उल्लंघन करने वाले पक्षकारों के विरूद्ध विहित प्रावधानों के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि यदि उक्त प्रावधान के उल्लंघन का मामला प्रकाश में आता है या परिवाद-पत्र प्राप्त होता है तो उसकी गहनता से जांच करते हुए दोषी पदाधिकारी/कर्मी को चिन्हित कर प्रतिवेदन दें। दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।







# क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा वंदे भारत ट्रेन: अश्विनी चौबे

- बक्सर में शुरू हुआ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहरवा, केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**केटी न्यूज/बक्सर**

वंदे भारत एक्सप्रेस देशभर में रेलवे परिवहन में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। अब बक्सर रेलवे स्टेशन से भी इस ट्रेन की सुविधा मिलेगी। जिससे संसदीय क्षेत्र के लोगों के साथ ही पड़ोसी उत्तर प्रदेश के बलिया व गाजीपुर जिलों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उक्त बक्सर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को लखनउ पटना वंदे भारत एस्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने कहीं। इसके पहले पीएम नरेन्द्र मोदी ने पटना लखनऊ वन्दे भारत व बक्सर रेलवे स्टेशन पर वन स्टेशन वन उत्पाद स्टॉल का रिमोट से उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अप में पटना से चलकर लखनउ के लिए जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस करीब 11.4 बजे बक्सर स्टेशन पर पहुंची। जहां केन्द्रीय मंत्री के नेतृत्व में सैकड़ो लोग खड़े थे। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 85 हजार करोड़ के विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया है। इसी कड़ी में पटना लखनऊ वन्दे भारत एक्सप्रेस और बिहार के बक्सर स्टेशन पर वन स्टेशन वन उत्पाद स्टॉल का भी रिमोट से उद्घाटन किया गया।

**आयोजित हुआ था भव्य कार्यक्रम:** बक्सर स्टेशन पर वन स्टेशन वन उत्पाद स्टॉल का उद्घाटन एवं वन्दे भारत के उद्घाटन के साथ बक्सर स्टेशन पर ठहराव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, विधान पार्षद जीवन कुमार, आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार, स्टेशन मास्टर राजन कुमार सहित रेलवे के अन्य अधिकारी एवं भाजपा के दर्जनों नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम में मौजूद तमाम अधिकारी एवं भाजपा नेताओं ने ताली बजाकर पीएम का आभार प्रकट किया।





**ट्रेन के चालक को केन्द्रीय मंत्री ने भेंट किया पुष्प गुच्छ:** वन्दे भारत एक्सप्रेस पटना से अयोध्या के रास्ते लखनऊ के गोमती नगर जाने वाली सेमी स्पीड ट्रेन के आगमन पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने ट्रेन के चालक व रेलकर्मियों को पुष्प गुच्छ देने के साथ हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 5 वर्षों में भारत की रेल परियोजनाओं का और अधिक विकास होगा। जिससे कि एक भारत समृद्ध एवं विकसित देश में भी रेल की अहम भागीदारी हो सके। उन्होंने कहा कि देश रेल की इंफ्रास्ट्रक्चर सहित यात्रियों की हर हर सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है ताकि देश की सेवा को और अधिक विस्तार किया जा सकें। वही एमएलसी जीवन कुमार ने देश को रेलवे की बड़ी परियोजना का सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। साथ ही विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार परियोजनाओं का उद्धघाटन करती है। जबकि कांग्रेस व महागठबंधन की सरकारें केवल शिलान्यास किया करती थी।

### जमीनी विवाद: धनसोई थाना क्षेत्र के धोबही गांव की है घटना

# सगी बहन ने अपने पति के साथ मिलकर भाई की कर दी हत्या

- लाठी-डंडे से पीट पीटकर नृशंस हत्या की घटना को दिया अंजाम
- बहन-बहनोई पैतृक संपति को अपने नाम रजिस्ट्री करने का बना रहे थे दबाव
- घटना के बाद बहन गिरफ्तार, बहनोई फौजी मौके से फरार

**केटी न्यूज/बक्सर**

जमीन विवाद में खूनी संघर्ष कोई नई बात नहीं है। लेकिन, सोमवार की रात धनसोई थाना क्षेत्र के धेबही गांव में जमीन के चंद टुकड़ो के लिए एक बहन ने फौजी पति के साथ मिल अपने भाई की लाठी-डंडे से पीट पीटकर नृशंस हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित बहन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका फौजी पति फरार हो गया है। इस संबंध में मृतक की पत्नी ने अपने ननद व ननदोई पर अपने पति की हत्या किए जाने का आरोप लगा धनसोई थाने में एफआईआर दर्ज कराया है।



मिली जानकारी के अनुसार धोबही के 42 वर्षीय लालबहादूर सिंह की तीन पुत्रियां है। उसे कोई लड़का नहीं था। उसकी बहन वंदना की शादी ओमवीर सिंह से हुई है। ओमवीर सेना के जवान है। जब लालबहादूर को लड़का नहीं हुआ तब बहन बहनोई उस पर पैतृक संपति को अपने नाम रजिस्ट्री करने का दबाव बना रहे थे। इसी बीच सोमवार की शाम ओमवीर अपनी पत्नी के साथ आया तथा आने के बाद एक बार फिर से सारी पैतृक संपति को बहन के नाम से रजिस्ट्री करने का दबाव बनाने लगा। इस दौरान मारपीट हुई तथा ओमवीर व वंदना ने लाठी डंडा से पीट उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पत्नी विजयलक्ष्मी देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताई है कि पति की मौत के बाद वे लोग चुपके से अंतिम संस्कार भी करने की तैयारी कर चुके थे। लेकिन, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। वही आरोपित बहन को गिरफ्तार कर लिया। धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पत्नी के बयान पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपित वंदना देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है, दूसरे के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि हत्याकांड में शामिल फौजी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर, इस घटना की चर्चा पूरे दिन धनसोई तथा आस पास के क्षेत्रों में होते रही। लोग यह कहते सुने जा रहे थे एक बहन कैसे इतनी निमार्ही हो सकती है कि संपति के लालच में भाई की हत्या कर सकती है।

## स्थापना डीपीओ मो. शारिक अशरफ विभागीय जांच में हुए आरोपमुक्त

- बर्खास्त शिक्षकों के वेतन भुगतान समेत लगे थे तीन आरोप, प्रपत्र क गठित कर चल रही थी विभागीय कार्रवाई

**केटी न्यूज/बक्सर**

शिक्षा विभाग के डीपीओ मो. शारिक अशरफ पर जिस विभागीय कार्रवाई व प्रपत्र क गठन के आरोप में स्थापना का प्रभार बदल दिया गया है। अब उन्हें सर्व शिक्षा अभियान का डीपीओ बनाया गया है। लेकिन विभागीय जांच में उनके उपर लगे आरोपों की पुष्टि नहीं हो पाई है। उनपर चल रहे विभागीय कार्रवाई के दौरान इसकी जांच कर शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव सुनील कुमार सिंह के जांच प्रतिवेदन के आधार पर निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने उन्हें आरोपमुक्त कर दिया है। बता दें कि शारिक अशरफ पर श्रीत्रिदंडीदेव आवासीय संस्कृत उच्च विद्यालय के बर्खास्त शिक्षकों तथा लिपिक के बर्खास्तगी के बावजूद वेतन भुगतान करने, अन्य कार्यरत शिक्षकों के अनुपस्थिति विवरणी देने के बावजूद मार्च 2021 से जून 2021 तक तथा मार्च 2022 से आरोप लगने तक वेतन बाधित करने तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में बक्सर डीएम के प्रत्रांक 3881 दिनांक 7 अक्टूबर 2023 के तहत बिहार सरकारी सेवक ( वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील ) नियमालवली 2005 के तहत प्रपत्र क गठित कर विभागीय कार्रवाई चल रही थी। यह विभागीय कार्रवाई शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव सुनील कुमार के संचालन में चलाया जा रहा था। जिसमें शारिक अशरफ द्वारा दिए गए साक्ष्यों के आधार पर जांच टीम ने उनपर लगे आरोपों की पुष्टि नहीं की तथा उन्हें आरोप मुक्त करने का प्रतिवेदन सौंपा, जिसके बाद निदेशक सुबोध कुमार चौधरी ने उन्हें आरोप मुक्त कर दिया है। आरोप मुक्त होने के बाद डीपीओ मो. शारिक अशरफ ने बताया कि उन्होंने कोई ऐसा काम नहीं किया था जो नियम विरूद्ध था। बल्कि सोची - समझी रणनीति के तहत जानबूझकर उन्हें फंसाने का काम किया गया था। लेकिन, जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। उन्होंने कहा कि वे पूरे पारदर्शिता के साथ विभागीय कार्यों का संपादित करते है। अपने कार्य में किसी तरह की कोताही नहीं करते है। बल्कि विभागीय नियम का पूरी तरह से पालन करते है।

### ट्रक और टाटा सूमो की टक्कर में चार जख्मी

**नावानगर।** बासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर चकौड़ा मोड़ के महावीर स्थान के पास सूमो कार अनियंत्रित होकर एक ट्रक में टक्कर मार दी। जिससे सुमो पर सवार चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना मंगलवार की अहले सुबह की है। पुलिस के अनुसार बक्सर शादी से शामिल होकर चार लोग औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के केरा गांव निवासी जय सिंह छोटन सिंह, विश्वजीत सिंह तथा नंद किशोर सिंह अपने गांव वापस जा रहे थे। सूमो कार अनियंत्रित होकर बिक्रमगंज के तरफ से आ रही ट्रक से टक्करा गई। इस दुर्घटना में सुमो में बैठे चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बासुदेवा पुलिस द्वारा जख्मी लोगों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

## होली पर्व को लेकर पुलिस ने शराब तस्करों पर कसी नकेल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

होली महापर्व को लेकर डुमरांव अनुमंडल की पुलिस शराब और शराब तस्करों के खिलाफ नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसको लेकर गांवों में अनवरत तलाशी अभियान जारी है। पिछले तीन माह में पुलिस की टीम ने करीब लाखों की शराब को पकड़ कर विनष्ट किया है। इलाके के शराब तस्करों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के बीच होली महापर्व मनाने की प्रशासन ने अपील जारी की है। इस पर्व में हुड़दंग मचाने वालो को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। इस अभियान में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक शराब तस्करों को जेल भेजा है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि होली में शराब और शराबियों की धर-पकड़ को लेकर टीमें गठित की गयी है। जो इलाके के गांवों में सघन अभियान चला रहे है। बताया जाता है कि अनुमंडल का दियारा इलाका यूपी से सटा है, जिस वजह से यह इलाका शराब तस्करों के लिए सेफ जोन बन गया है। होली को लेकर शराब तस्करों द्वारा शराब का भंडारण किया जा रहा है ताकि उसे ऊंचे दामों में बेचा जाये। जानकर बताते है कि शराब तस्कर शराब की खेप को छिपाने के लिए शहर से दूर सुदूर गांवों में अपना सेफ जोन बनाने की नीयत से वहां के बेरोजगार युवकों को संर्पक साध सफलता हासिल करने में जुटे है। यूपी के कई तस्करों के गैंग दियारे इलाके में सक्रिय है, जो अनपढ़ व बेरोजगार युवकों से धंधा कराते है।

## मच्छरों से शहरवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए नगर परिषद ने शुरू किया फागिंग अभियान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बदलते मौसम में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर परिषद प्रशासन ने फागिंग शुरू करा दिया है। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान को भी और तेज कर दिया गया है। मंगलवार को पूरे दिन डुमरांव नगर परिषद इलाके में विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ ही फागिंग कराया गया।

इस दौरान नगर परिषद के सफाई कर्मी तथा फागिंग मशीन के आपरेटर पूरे दिन नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य सड़कों तथा गलियों में जाकर सफाई अभियान चलाए तथा फागिंग की। यह अभियान नगर परिषद के चेयरमैन सुनीता गुप्ता के निर्देश पर चलाया गया था। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिस कारण शहरवासी परेशान हो गए थे। इसे देखते हुए नगर परिषद की चेयरमैन ने फागिंग कराने का निर्देश दिया। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि शहर को बंदरों से मुक्त कराने के बाद अब मच्छरों से भी मुक्ति दिलवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार चलेगा, ताकी शहर में मच्छरों का प्रकोप नहीं रहे। उन्होंने कहा कि डुमरांव को विकसित व मॉडल शहर बनाना हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष सफाई अभियान के साथ ही नालियों की सफाई भी करवाई जा रही है तथा नालियों में मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव भी किया जाएगा। वही नगर परिषद प्रशासन द्वारा चलाए गए इस विशेष सफाई अभियान व फागिंग कराए जाने से शहरवासी काफी खुश नजर आए। बता दें कि यह पहला मौका था जब गर्मी के शुरूआत में ही डुमरांव नगर परिषद ने फागिंग करवाया है।



### सदर प्रखंड के कमरपुर और जासो के साथ चौसा प्रखंड के सरेंजा पंचायत का हुआ है चयन

# जिले के तीन पंचायत हुए टीबी मुक्त, 24 मार्च को डीएम करेंगे सम्मानित

- टीबी मुक्त पंचायत के लिए बक्सर के दो और चौसा के एक पंचायत का हुआ चयन
- तीनों पंचायतों के मुखिया को प्रशस्ति पत्र व गांधी जी कांस्य प्रतिमा देकर किया जायेगा सम्मानित
- बेहतर कार्य के लिए सात अन्य पंचायतों के मुखिया को भी दिया जायेगा प्रशस्ति पत्र

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले को 2025 तक टीबी मुक्त करने की दिशा में जिला यक्ष्मा केंद्र प्रयासरत है। जिसके तहत पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिया संचालित टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम की गति तेज कर दी गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों से दो-दो पंचायतों का चयन किया गया था। पिछले एक साल के हुए कार्यों को देखते हुए तीन पंचायतों को टीबी मुक्त बनाया जा चुका है। जिनमें बक्सर सदर प्रखंड के कमरपुर और जासो के साथ चौसा प्रखंड के सरेंजा पंचायत का चयन किया गया है। जिसकी घोषणा 24 मार्च को विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर डीएम अंशुल अग्रवाल करेंगे। साथ ही डीएम इन तीनों पंचायतों के मुखिया को टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी की कांस्य मूर्ति देकर सम्मानित किया जाएगा। सात अन्य पंचायतों के मुखिया को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिनमें सिकरौल, नागपुर, हरपुर, सोवां, नंदन, खेवली और कतीकनार पंचायत शामिल हैं।



**तीन साल तक पंचायत के टीबी मुक्त रहने पर दी जाएगी बापू की स्वर्ण प्रतिमा:** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त हो चुके पंचायत को विश्व यक्ष्मा दिवस पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जो कि अगले एक वर्ष तक मान्य होगा। सम्मान के तौर पर पंचायत को प्रमाण-पत्र और महात्मा गांधी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया जाएगा। पहले वर्ष के लिए चयनित पंचाताओं को कांस्य प्रतिमा दी जा रही है। लगातार दो वर्षों तक यह दर्जा बरकरार रहने पर रजत और तीन वर्षों तक यह दर्जा बने रहने पर पंचायतों को गांधी जी की स्वर्ण प्रतिमा दी जाएगी।

**आम लोगों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी जरूरी:** डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा, सिविल सर्जन ने बताया कि केंद्र सरकार ने 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें आम लोगों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी जरूरी है। इसकी को देखते हुए ग्राम पंचायतों को भी प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान से जोड़ने के लिए सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने अहम कदम उठाया है। इससे पंचायत, प्रखंड और जिला तीनों को ही टीबी मुक्त बनाने की दिशा में ग्राम पंचायतों की सहभागिता रहेगी और इस लक्ष्य को पूरा करने में अहम योगदान भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि साथ ही, इस कार्यक्रम से पंचायतों में प्रतिस्पर्धा का माहौल बना है। जो जिले को टीबी मुक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## एक नजर

### शिविर में 45 पशुओं का हुआ उपचार

**केसठ।** प्रखंड के धेनुवाडीह गांव में पशुपालन विभाग द्वारा एक दिवसीय पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित शिविर का पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता और डॉ सजीव कुमार ने फीता काटकर किया। पशुपालकों ने कहा कि सरकार का यह सराहनीय कदम है।इस शिविर से पशुपालकों में काफी सुविधा मिलेगी। वहीं शिविर में पहुंचे पशुपालकों ने पशुओं का उपचार कराने के साथ पशुओं के विकास से जुड़ी कई अहम जानकारियां ली। चिकित्सक डॉ ने पशुपालकों को कृत्रिम गभार्धान द्वारा पशुओं में व्याप्त बांझपन को दूर करने, प्रत्येक तीन महीने पर कीड़े मारने का दवा एवं प्रत्येक तीन महीने पर लीवर टॉनिक, कैल्शियम एवं मिक्सर मिनरल देने के साथ साफ सफाई आदि का विशेष ध्यान रखने की बात कही। लगभग 45 पशुओं का उपचार करने के साथ साथ 12 प्रकार के दवा पशुपालकों के बीच वितरित किया गया। साथ ही 103 पशुपालकों के बीच दवा का वितरण किया गया। शिविर में ललन सिंह, सुरेंद्र सिंह के अलावे अन्य पशुपालक उपस्थित रहे। वहीं स्थानीय पशुपालकों का कहना है कि इस तरह का अभियान लगातार चलाया जाना चाहिए। ताकि पशुओं में आने वाली बीमारी को रोका जा सके। साथ ही दूध के उत्पादन में बढ़ावा मिले।

### चौसा पीएचसी से आशा के पति की बाइक चोरी

**चौसा।** चौसा पीएचसी से एक आशा के पति की बाइक चोरी हो गई है। इस मामले में पीड़ित नवागांव के उपेन्द्र पासवान ने मुफस्सिल थाने में लिखित आवेदन दे बताया है कि वे अपनी आशा पत्नी को छोड़ने पीएचसी गए थे। पीएचसी के गेट पर अपनी हिरो सुपर स्पलेंडर बाइक जिसका नंबर बीआर 44 के 0295 खड़ी कर अंदर अपनी पत्नी के साथ चले गए थे। थोड़ी देर बाद आने पर उनकी बाइक वहां से गायब हो गई थी। उन्होंने बताया है कि काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली है। वही पीएचसी जैसे सुरक्षित जगह से दिन दहाड़े बाइक चोरी की घटना से कई सवाल खड़े हो रहे है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि आये दिन अक्सर इस तरह की घटना हो रही है। चोर आसानी से बाइकों को अपना निशाना बना रहे है। वहीं स्थानीय पुलिस की ओर से इन बाइक चोरों की धर-पकड़ के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### चोरी के 12 घंटे के अंदर चोर गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस की तत्परता से एक चोर को 12 घंटे के अंदर ही पकड़ लिया गया। वह सोमवार की रात स्थानीय नया भोजपुर चौक स्थित पेप्सी के गोदाम का ताला तोड़ 40 हजार रुपए नगद चुरा लिया था। सुबह में जब गोदाम संचालक ढकाईच के चंदन प्रधान अपने गोदाम पर पहुंचे तथा मेन गेट का ताला टूटा पाया तो चोरी की बात समझ में आई। उन्होंने गोदाम का मुआयना किया तो उसमें से 40 हजार रूपए गायब थे। संचालक ने तत्काल इसकी सूचना ओपी प्रभारी मनीष कुमार को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोदाम तथा आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक युवक चोरी करते देखा गया। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से उसकी शिनाख्त नया भोजपुर के रोहित ओझा के रूप में की तथा तत्काल उसके घर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी गए 40 हजार में से 19 हजार 400 रूपए बरामद भी हुआ जबकि मंगलवार को ही उसने चोरी के पैसे से एक स्मार्ट फोन भी खरीदा था। नया भोजपुर ओपी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सीसीटीवी कैमरे तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से उसकी शिनाख्त की गई। वही, चोर पकड़े जाने के बाद गोदाम संचालक चंदन ने राहत की सांस ली और इस तत्परता के लिए नया भोजपुर ओपी पुलिस की तारीफ की।

### थर्मल पॉवर प्लांट से दो चोर गिरफ्तार




**चौसा।** मुफस्सिल थाने की पुलिस ने चौसा थर्मल पॉवर प्लांट से लोहे के छड़ तथा नट बोल्ट चुरा कर ई रिक्शा से भाग रहे दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से थर्मल पॉवर प्लांट से चुराए गए साढ़े चार क्वींटल लोहे की सरिया तथा 75 किलो नट बोल्ट बरामद हुए है। पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार करने के साथ ही उनके ई रिक्शा को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार चोरों की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के कोचाढ़ी गांव के विशाल कुमार व दीपक कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की अहले सुबह पुलिस थाना क्षेत्र के मुरा बाबा स्थान के पास गश्त अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक ई रिक्शा आते दिखाई दिया। पुलिस ने जब शक के आधार पर उसे रूकवाया तो उसमें लोहे के रॉड व नट बोल्ट मिले। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे लोग इसे थर्मल पॉवर प्लांट से चुरा कर भाग रहे थे। थानाध्यक्ष चन्दन कुमार झा इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



# चोरी के ट्रक, हथियार व गोली के साथ अंतरराज्यीय गिरोह का एक अपराधी गिरफ्तार

◆ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली छलका के समीप सोमवार की रात पकड़ा गया अपराधी

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर की मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय ट्रक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए एक अपराध कर्मी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरी के एक ट्रक और हथियार-गोली भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराध कर्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुंदर पुर कुड़ियां गांव निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह का पुत्र सुमीत कुमार है। पूछताछ में उसने ट्रक चोरी में शामिल होने की बात स्वीकार की है। यूपी पुलिस को भी उसकी तलाश थी। हालांकि गैंग के दो सदस्य अंधेर का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने उन दोनों की भी पहचान कर ली है। पुलिस को यह सफलता सोमवार की रात मुफस्सिल थाने के महुली छलका के पास मिली। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि उनकी सोमवार की रात सूचना मिली कि मुफस्सिल थाने के महुली गांव के रास्ते कुछ अपराध कर्मी चोरी का एक ट्रक लेकर जा रहे हैं। उस आधार पर ट्रक की बरामदगी और अपराधियों की



गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए महुली छलका के पास पहुंची तो पुलिस देख अपराध कर्मी ट्रक लेकर तेजी से भागने लगे। हालांकि पुलिस ने खदेड़ कर ट्रक को पकड़ लिया। तब तक तो अपराधी अंधेरे का लाभ उठा कर ट्रक से कूद कर भाग निकले। जबकि ट्रक चला रहे सुमीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान ट्रक से एक देसी कट्टा, पांच गोली, छह खोखे और एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ और जांच में पता चला कि ट्रक चोरी का है। टीम में मुफस्सिल थाने के एएसआई राज कुमार यादव और एलटीएफ के दारोगा विनोद सिंह सिंह थाने के अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि ट्रक में सवार दो अन्य अपराध कर्मियों की भी पहचान कर ली गयी है। दोनों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। पूरे गिरोह का सत्यापन किया जा रहा है। शुरूआती जांच में गिरोह और इन अपराधियों के यूपी में ट्रक चोरी और लूट में संलिप्तता सामने आयी है। गिरफ्तार सुमीत कुमार की यूपी पुलिस भी तलाश कर रही थी। यूपी पुलिस को उसकी गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है। साथ ही सुमीत सहित गिरोह के यूपी कनेक्शन को भी खंगाला जा रहा है। सुमित कुमार पूर्व में मुफस्सिल थाने में आर्म्स एक्ट के मामले मामले जेल जा चुका है। पिछले साल रोहतास जिले के बिक्रमगंज में ट्रक लूट कांड में भी उसका नाम आया था।

## एक नजर

### जहानाबाद में छह सूत्री मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं ने दिया धरना

**जहानाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन एवं दिया धरना काको मोड़ से प्रदर्शन करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचकर दिया धरना



इस पार्टी के महासचिव व्यास मुनि दास ने कहा कि जिला इकाई के तत्वाधान में 6 सूत्री मांग को लेकर हम लोग धरना दे रहे हैं। सरकार से हम लोगों ने मांग किया है कि गरीबों को बिजली फ्री किया जाए बिजली विभाग द्वारा गरीबों पर जो मुकदमा किया गया है उसे वापस लिया जाए, हर गरीब को पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराया जाए। बेरोजगारों को ?10 लाख रोजगार करने के लिए दिया जाए ,महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी दे । बिहार में पूर्ण रूप से शराबबंदी किया जाए शराबबंदी के नाम पर पुलिस प्रशासन द्वारा जो प्रताड़ित किया जा रहा है उसे तत्काल रूप से बंद किया जाए पुलिस प्रशासन के नारा लगाते हुए कहा कि प्रशासन के मिली भगत से शराब कारोबारी शराब का धंधा कर रहे हैं इसी को लेकर हम लोग धरना दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि एक मांग पत्र जिला पदाधिकारी को सौंप कर मांग पूरा करने के लिए सरकार से कहूंगा अगर सरकार मेरी मांग पूरा नहीं करती है तो हम लोग इससे बड़ा आंदोलन भी करेंगे जैसे-जैसे लोकसभा के चुनाव की तिथियां घोषणा होने की नजदीक आ रही है वैसे-वैसे जिले में पार्टी भी सक्रिय हो रहे हैं लगातार विभिन्न दलों द्वारा धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं ने भाग लिया और सरकार विरोधी नारा लगाते हुए सरकार से मांग किया कि मेरी मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

### मतदान प्रक्रिया में निष्पक्ष तरीके से शामिल होने के लिए दिलाया गया संकल्प

**जहानाबाद।** लोकसभा निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर उप विकास



आयुक्त धनंजय कुमार के नेतृत्व में जहानाबाद सदर प्रखंड के अवस्थित सभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जहानाबाद सदर प्रखंड एवं काको प्रखंड कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका द्वारा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा सभी आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका को मतदान प्रक्रिया में निश्पक्ष शामिल होने के लिए संकल्प दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई.सी.डी.एस. रश्मि सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी वेदव्यास कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद एवं काको, महिला पर्यवेक्षिका सहित आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### लड़की के अपहरण मामले में फरार आरोपित धराया

**औरंगाबाद।** लड़की के अपहरण मामले में फरार एक आरोपित को ओबरा थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित दाउदनगर थाना क्षेत्र पचकुंडी गांव निवासी पवन कुमार के रूप में की गई है। इसके विरुद्ध वर्ष 2022 में लड़की के अपहरण मामले में मुकदमा दर्ज करवाया गया था जिसमें पुलिस की सख्ती पर पूर्व में लड़की बरामद की गई थी जबकि यह तब से फरार चल रहा था। इसी क्रम में आज पकड़ा गया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उसे जेल भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देव मोड़ के समीप बाइक की चपेट में आने से ऑटो सवार एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी रविंद्र कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविंद्र ऑटो पर सवार होकर गया के लिए गाड़ी पकड़ने देव मोड़ जा रहा था। इसी दौरान देव मोड़ के समीप उसके ऑटो में एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद घायल का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

### नाला से टकराकर बाइक सवार घायल

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के श्रीकृष्ण नगर मुहल्ले में नाला से टकराकर एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल की पहचान उक्त मुहल्ला निवासी नारायण शर्मा के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान नारायण शर्मा ने बताया कि वे एक बारात से शिरकत कर अपने मित्रों के साथ वापस घर लौट रहा था, तभी दुर्घटना में घायल हो गया. घटना के बाद साथ रहे अन्य साथियों के द्वारा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया।

## आरा-छपरा फोरलेन पर नारायणपुर गांव के मंदिर के समीप हुई घटना

# दोस्त के साथ पटना जा रहे युवक की बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

◆ पटना जाने के दौरान बेलगाम ट्रक ने बाइक में मारी ठोकर, घटनास्थल पर ही तोड़ा दम

◆ बालू लदे ट्रकों सहित बड़े वाहनों का तेज रफ्तार में चलते है

केटी न्यूज/आरा





आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के (जमालपुर) मंदिर के समीप मंगलवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार स्नातकोत्तर के छात्र की मौत हो गयी। बाइक चला रहा उसका दोस्त भी जख्मी हो गया। हालांकि उसे मामूली चोटें आयी है। हादसे का कारण ट्रक की तेज रफ्तार बताया जा रहा है। मृत छात्र कोईलवर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद और बबलू का 22 वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार था।उसने इसी वर्ष स्नातक पास करने के बाद एमएससी में एडमिशन लिया था। जख्मी उसी गांव के सत्य नारायण पांडेय का 22 वर्षीय पुत्र अतुल कुमार है। उसका इलाज कोईलवर में कराया गया। हादसे को लेकर मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। उस बीच चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची द्वारा ट्रक को जब्त कर लिया गया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अतुल कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह दोनों दोस्त बाइक से पटना जा रहे थे। उसी दौरान नारायणपुर (जमालपुर) मंदिर के समीप पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे बाइक पर पीछे बैठे उसके दोस्त ऋतिक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वह भी जख्मी हो गया। अतुल कुमार ने बताया कि घटना का मुख्य कारण वनवे रोड पर दोनों ओर से बालू लदे ट्रकों का तेज रफ्तार में परिचालन। अन्य सभी गाड़िया भी एक साइड से गुजरती है। उसके कारण रोड पर चलना और सड़क पार करने में भी डर बना रहता है। आए दिन लोग तेज रफ्तार के शिकार होते रहते हैं। बताया जाता है कि छात्र ऋतिक दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता पेशे से किसान है और गांव पर खेती करते हैं। उसके परिवार में मां रिंकू देवी और छोटा भाई रोहित कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आमने-सामने दो बाइकों की टक्कर में दो घायल

**औरंगाबाद ।** देव थाना क्षेत्र के गंजेड़ी स्थान के समीप दो बाइकों की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। घायलों में एक युवक का इलाज सीएचसी देव में कराया गया। वहीं एक युवक का इलाज सदर अस्पताल में हुआ, जिसकी पहचान माली निवासी पंकज कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पंकज शादी समारोह से घर लौट रहा था। इसी दौरान दुर्घटना में घायल हो गया।

### महज एक खिल्ली खैनी देने से मना करने पर किशोर को चाकू मार किया घायल

**आरा।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के चौकीपुर गांव में सोमवार की रात महज एक खिल्ली खैनी देने से मना करने पर एक किशोर को चाकू मार दिया गया। चाकू उसकी बायीं पंजरी और हाथ में लगी है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी किशोर चौकीपुर गांव निवासी स्व.चंद्रदेव पासवान का 17 वर्षीय पुत्र बैजू कुमार है। चाकू मारने का आरोप गांव के ही चार लड़कों पर लगा है। सूचना मिलने पर ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की। जख्मी बैजू कुमार ने बताया कि सोमवार की रात वह गांव में कुछ लड़कों के साथ बैठा हुआ था। उस दौरान एक लड़के ने उससे खैनी मांगी। उसने खैनी नहीं खाने की बात कहते हुए देने से मना कर दिया। उस पर लड़के उसके साथ बहस करने लगे। तब वह घर जाने लगा। तभी उन युवकों द्वारा पीछे से उस पर चाकू से हमला कर दिया गया। उस दौरान ताबड़तोड़ दो जगहों पर चाकू घोंप दिया गया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## सेक्टर पदाधिकारी संबंधित मतदान केंद्रों का करें भ्रमण: एसपी

◆ मतदान केंद्रों की वैद्यता संबंधित रिपोर्ट देंगे सेक्टर पदाधिकारी

केटी न्यूज/औरंगाबाद



आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 जैसे जैसे नजदीक आ रहा है जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर भवन औरंगाबाद में सभी छह विधान सभा के लिए प्रतिनियुक्ति सेक्टर पदाधिकारियों, पुलिस सेक्टर पदाधिकारियों तथा फ्लाइंग स्कायड पदाधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए पुलिस पदाधिकारी स्वप्ना मेश्राम ने बताया की सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने अपने संबंधित मतदान केंद्रों का निश्चित रूप से भ्रमण कर सभी आधारभूत सुविधाओं की अद्यतन रिपोर्ट ससमय जिले को भेज दें ताकि आवश्यकतानुसार तैयारी की जा सके। साथ ही मुख्य रूप से मानचित्र वैद्यता संबंधित रिपोर्ट गहन जांच पड़ताल तथा टोले मोहल्लों या वसाव क्षेत्र के मतदाताओं से सीधा संपर्क कर तैयार कर लें। यदि किसी प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा किसी मतदाता या मतदाताओं के समूह को डराया धमकाया या प्रभावित किया जा रहा है तो इसकी रिपोर्ट तथा की गई कार्यवाई की जानकारी अविलंब निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। सभी पदाधिकारी अपने अपने कार्य और दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे। इस मौके पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया की सेक्टर पदाधिकारी किसी भी चुनाव में लीड करते हैं। उनकी दी गई जानकारी के आधार पर ही मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीकों से संपन्न कराया जाता है। सभी सेक्टर पदाधिकारी ईवीएम मशीनों की पूरी जानकारी हासिल कर लें। मतदान के दिन भी आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आपके पास रिजर्व ईवीएम मशीन होते हैं जो खराब हुए ईवीएम से बदला जाता है। किसी प्रकार के इरर्स आने पर आपको ही दुरुस्त करना होता है। इसलिए ईवीएम से संबंधित सभी जानकारी तथा मतदान की पूरी प्रक्रिया से भी अवगत होना चाहिए ताकि मतदान सरल तरीके से त्रुटिरहित संपन्न हो। ईवीएम की पूरी सुरक्षा देना आपका कर्तव्य है। किसी भी हाल में ईवीएम की बिना सुरक्षा में ना रखें।

## महिलाओं ने थाना का किया घेराव, बोलीं- हम डरे हुए हैं

केटी न्यूज/जहानाबाद



एक दिन पूर्व जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर मोहल्ले में बच्चों की लड़ाई में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकि घर छोड़कर फरार हैं। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर में ताला बंद कर दिया, लेकिन जब पुलिस ताला बंद कर चली गई तो किसी ने उस घर का ताला तोड़ दिया। जैसे ही मृतक के परिजन उस घर का ताला टूटा हुआ देखा तो उन लोगों को अनहोनी कि आशंका होने लगी। जिसके बाद दर्जनों महिला थाने पहुंच गई और थाना का घेराव करने लगी। उन लोगों को भय सता रहा है कि कहीं किसी दूसरे मुकदमे में हम लोगों को फंसा न दे इसीलिए थाना में आवेदन देने के लिए महिला पहुंच गई। महिलाओं का कहना है कि उसके घर का दरवाजा तो तोड़ा गया है। एक साजिश है। साजिश के तहत हम लोगों को फंसाया जा सकता है। नगर थाना के पुलिसकर्मी महिलाओं से आवेदन लेकर लोगों को समझा बुझाकर मामला को शांत कराया। पुलिस ने कहा कि किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं होगी। आप लोग अपने-अपने घर चले जाएं। महिलाओं का कहना है कि जिस तरह से उन लोगों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है इससे हम लोग काफी भयभीत हैं। उन लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग किया कि जो लोग भी इस घटना में शामिल है उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

## पूर्व मुखिया दंपत्ति की मौत, एक साथ उठे दोनों के जनाजे, मचा कोहराम



केटी न्यूज/औरंगाबाद

कहते हैं पति-पत्नी का रिश्ता जीवन के हर रिश्ते से ज्यादा मजबूत होता है। यह रिश्ता जन्म-जन्मांतर का होता है। इसमें साथ जीने-मरने की कसम खाई जाती है। बिहार के औरंगाबाद में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। जब एक पत्नी ने दम तोड़ा दिया तो पति भी उसके बिना जिंदा नहीं रह सका। पत्नी की मौत के थोड़ी देर बाद ही पति की भी मौत हो गई, जिसके बाद से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। एक साथ दोनों की चिताओं को अग्नि दी गई। घटना की सूचना पर कई समाजसेवी, बुद्धिजीवियों एवं राजनीतिक व्यक्तियों ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिजनों को ढांढ़स बंधाया है। मामला ज़िले के बारूण प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर गांव की हैं। जहां पूर्व मुखिया दंपत्ति की एक साथ मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पहले पूर्व मुखिया 50 वर्षीय उर्मिला देवी की मौत हुईं। इसके बाद पत्नी की सदमे में पूर्व मुखिया सुनील कुमार यादव की मौत हो गई। आपको बता दें कि उर्मिला देवी दो बार वर्ष 2006 से 2011 तक कंचनपुर पंचायत की मुखिया रही। वहीं इनके पति सुनील कुमार एक बार वर्ष 2016 से 2021 तक मुखिया के पद पर रहे। राजद ज़िला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव एवं जिला पार्षद अनिल कुमार ने बताया कि एक साथ पूर्व मुखिया दम्पत्ति की मौत बेहद दुखद है। उन्होंने बताया कि मुखिया उर्मिला देवी बीते कुछ दिनों से बीमार थीं, उनका तमिलनाडु के वेल्लोर से इलाज चल रहा था। देर रात उर्मिला देवी की मौत हों गई जिसमें सदमे से सुनील कुमार यादव की भी मौत हो गई।






## खबरें फटाफट

### दस हजार घूस लेते रंगे हाथ सिपाही गिरफ्तार

**गाजीपुर।** एंटी करप्शन वाराणसी की टीम ने सैदपुर कोतवाली अंतर्गत भीतरी पुलिस चौकी पर तैनात एक पुलिस कांस्टेबल को दस हजार घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन वाराणसी से कुछ दिनों पूर्व सैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर गांव निवासी ओमप्रकाश राजभर ने शिकायत की थी। उनका कहना था कि सैदपुर के भीतरी पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी विवेक यादव उससे उसके निमार्णाधीन मकान का बारजा निकालने के लिए पैसों की मांग कर रहा था। उसके निर्माण को उसके पड़ोसी मालती देवी के शिकायत पर सिपाही विवेक यादव ने रोक रखा था। पीड़ित ने बताया कि मेरे निमार्णाधीन मकान का बरजा निकालने के लिए विवेक सिपाही ने मुझसे पंद्रह हजार रूपए की मांग किया था। जिसके लिए उसने पंद्रह दिन से मेरा निर्माण रोक रखा था। तीन दिन पूर्व मैंने इसकी शिकायत एंटी करप्शन विभाग वाराणसी में की थी। आज दस हजार विवेक सिपाही को देने की बात थी। जिसके साथ वह रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ। एंटी करप्शन टीम में शामिल दरोगा राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश राजभर की शिकायत पर सिपाही विवेक को दस हजार घूस लेते, धुवार्जुन यूनियन बैंक के पास से रंगेहाथ पकड़ा गया।

### सिलेंडर में आग लगने से मची अफरातफरी

**चंदौली।** नगर के वार्ड नंबर 13 राजीव नगर में सोमवार की देर रात सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। अगलगी की घटना से परिजनों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान घर के अंदर मौजूद विजय और आर्या को चोटें आईं। सीओ राजेश सिंह ने घटना की जानकारी ली। दरअसल कमालपुर गांव निवासी अजय अग्रहरि कई वर्षों से चंदौली पुरानी बाजार में बर्तन की दुकान चलाते हैं। जो राजीव नगर में मकान बना कर अपने परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार की देर शाम खाना बनाते वक्त अचानक गैस सिलेंडर लिक हो गया।

# बलिया में परिवार की जिम्मेदारी उठाने में पुरुष फिसड्डी, महिलाएं आगे

- 11 माह में 20 पुरुषों ने व 3800 महिलाओं ने करायी नसबंदी
- महिला नसबंदी की अपेक्षा अधिक सुरक्षित व सरल है पुरुष नसबंदी

**केटी न्यूज/बलिया**

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आनन्द कुमार ने बताया कि एक अप्रैल 2023 से 29 फरवरी 2024 तक जनपद में 20 पुरुषों तथा 3800 महिलाओं ने नसबंदी कराई। इसके अलावा दो बच्चों के बीच में सुरक्षित तीन साल का अंतर रखने के लिए महिलाओं ने अस्थाई साधन को भी अपनाया है। इसमें 6417 महिलाएं पोस्ट पार्टम इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस और 4583 महिलाए इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस 34492 महिलाएं माला एन अपना चुकी हैं। 38360 महिलाओं ने साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया की सेवा ली है। इसके अलावा जनपद में कुल 5958 महिलाओं ने तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा को



अपनाया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि दो बच्चों के बीच सुरक्षित अंतर रखना मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। किसी महिला को दोबारा मां बनने के लिए कम से कम तीन साल का समय चाहिए होता है। इस अंतराल में मां अपने पहले शिशु की भी अच्छी तरह देखभाल कर पाती है और महिला का शरीर भी दोबारा मां बनने के लिए तैयार हो जाता है। तीन साल से पहले दूसरा बच्चा होने की स्थिति में मां और शिशु के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी मामूली शल्य प्रक्रिया है। इसमें सामान्य सा चीरा लगता है। इसमें व्यक्ति को उसी दिन अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। यह महिला नसबंदी की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और सरल भी होता है। इसके लिए न्यूनतम संसाधन, बुनियादी ढांचा और न्यूनतम देखभाल की आवश्यकता है। पुरुष नसबंदी को लेकर समाज में कई प्रकार का भ्रम फैला हुआ है।

**पुरुष को तीन व महिला को मिलता है दो हजार रुपया:** पुरुष लाभार्थी को सरकारी अस्पताल में नसबंदी कराने पर 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि एवं महिला लाभार्थी को 2000 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में मिलते हैं। साथ ही पुरुष नसबंदी के लिए प्रोत्साहित करने वाली आशा को 400 रुपये प्रति लाभार्थी दिया जाता है।

## केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री ने डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय ने किया सभा को संबोधित

# शिलान्यास ही नहीं लोकार्पण की गारंटी लेती है मोदी सरकार

- पीएम नरेन्द्र मोदी ने रेलवे की 85,000 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 6000 रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को किया समर्पित

**केटी न्यूज/चंदौली**



मोदी सरकार जिसका शिलान्यास करती है उसका लोकार्पण भी करती है। रेलवे में सुविधाजनक, सुरक्षित और सुगम यात्रा का सपना पूरा करना मोदी की गारंटी है। इसके लिए रेलवे में आमूल-चूल परिवर्तन किया जा रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन को दो वंदे भारत की सौगात इसका उदाहरण है। ये बातें केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री सह चंदौली सांसद डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय ने पीडीडीयू जंक्शन पर वंदे भारत की आगवानी के दौरान कहीं। इसके पूर्व सुबह पौने नौ बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे की 85,000 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 6000 रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पित किया। डीएफसीसी के कार्गो हैंडलिंग सेंटर पर इसका सीधा प्रसारण किया गया। इस मौके पर यहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय ने कहा कि रेलवे के विकास पर सरकार लगातार जोर दे रही है। मालगाड़ियों के लिए अलग रेलवे लाइन डीएफसीसी इसका उदाहरण है। इसके चालू होने से माल ढुलाई और आसान हो जाएगी। वहीं पीएम ने दस नए वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई है। इससे लोगों का आवागमन आसान होगा। कहा कि मात्र 12 किमी की दूरी पर वंदे भारत का ठहराव नहीं होता है। लेकिन, मेरे आग्रह पर पटना लखनऊ और रांची वाराणसी दोनों वंदे भारत का ठहराव वाराणसी से पहले पीडीडीयू जंक्शन पर किया गया है। कहा कि पूर्व में सरकार पैसा तो देती थी लेकिन निगरानी न होने के कारण परियोजनाएं पूरा नहीं हो पाती थीं। लेकिन, आज मोदी सरकार में काम समय से पूरा होता है। इसके पूर्व राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार तेजी से विकास कर रही है। यह विकास आम जनता को भी दिखायी दे रहा है। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता, सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन सहित रेलवे के वरीय अधिकारी, भाजपा नेता आदि मौजूद रहे।

**सोननगर पतरातू तीसरी लाइन का हुआ लोकार्पण:** पीएम नरेन्द्र मोदी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल में सोननगर-पतरातू तीसरी रेल लाइन का लोकार्पण किया। इसी तरह डीएफसीसी के न्यू सोन नगर, न्यू सोन नगर लिंक, न्यू चिरैलापौथु, न्यू करवंदिया, न्यू कुदरा, न्यू दुर्गावती, न्यू गंजख्वाजा, न्यू डीडीयू तथा बीपीसीएल डीडीयू का राष्ट्र को समर्पित किया। इसके साथ ही पीएम के हाथों मंडल के बीडी सेक्शन में नबीनगर तथा कोसीआरा स्टेशनों पर नवनिर्मित गुड्स शेड का लोकार्पण हुआ। पीडीडीयू जंक्शन पर वन स्टेशन वन उत्पाद के स्टाल के साथ प्रधानमंत्री रेल जन औषधि केंद्र का लोकार्पण हुआ। पीएम ने पीडीडीयू जंक्शन से होकर गुजरने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ न्यू सोन नगर स्टेशन से एक मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर डीएफसीसी पर रवाना किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री की पौत्री ने स्थापित किया कीर्तिमान



**बलिया।** बिजली की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पौत्री व राज्यसभा सांसद नीरज शेखर की पुत्री रान्या शेखर ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। रान्या ने विंड मिल डिजाइन कर बनाया और उसे अपने खर्च पर जननायक चंद्रशेखर हास्पिटल इब्राहिमपट्टी में स्थापित कर अस्पताल को सौर उर्जा की सुविधा प्रदान किया। कक्षा 11वीं की छात्रा रान्या शेखर मंगलवार को अपनी मां डा. सुषमा शेखर के साथ जननायक चंद्रशेखर अस्पताल पहुंची और विंड मिल स्थापित कराया। रान्या शेखर की इस उपलब्धि पर जनपद में हर्ष व्याप्त है। सूर्य से उर्जा प्राप्त करने के लिए सोलर पैनल और हवा से बिजली प्राप्त करने के लिए एक विशेष विंड मिल को अस्पताल में दिया। इस संबंध में रान्या शेखर का कहना था कि बिजली की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में सभी कार्य कर रहे हैं। इब्राहिमपट्टी पट्टी में स्थापित करने के सवाल पर कहा कि यह दादाजी, पिताजी की धरती है। हास्पिटल दादाजी का सपना था और अब बेहतर संचालित हो रहा है। जननायक अस्पताल के एमडी डा. संजय सिंह ने रान्या शेखर को बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा इस सुविधा से अस्पताल में बिजली की परेशानी समाप्त हो गई।

## एक नजर

### जमीन विवाद में पेट्रोल डालकर जलाया

**चंदौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत डांडी में मंगलवार को दो पक्षों में विवाद हो गया । इस दौरान दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई । विवाद के दौरान एक पक्ष के युवक ने दूसरे पक्ष पर पेट्रोल डाल कर माचिस से आग लगा दी। जिसमे 54 वर्षीय विजय गुप्ता घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई , जबकि घायल को उपचार के लिए निजी चिकत्सालय में भर्ती कराया । डांडी के रहने वाले विजय गुप्ता का उनके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति से कई दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था । मंगलवार को विजय गुप्ता छत की ढलाई के बाद अपना ट्रैक्टर निकाल रहे थे तभी किसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया । इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी । जिसमें। विजय गुप्ता झुलस गए । पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर के आधार पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई है ।

### फसल को नुकसान पहुंचाने पर किसानों ने किया हंगामा



**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के मटकुट्टा गांव के समीप धूसखास मौजा में मंगलवार को धानापुर रजवाहा की चौड़ीकरण के लिए ठेकेदार द्वारा पोकलेन से किसानों के खेतों में खड़ी फसल को उखाड़ कर मिट्टी डालने का काम किया जा रहा है। इससे आक्रोशित किसानों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा कर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। इसकी जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस व लेखपाल ने काम रुकवा कर किसानों को शांत कराया। मौके पर पहुंचकर काम रुकवा कर जमकर हंगामा व प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों का आरोप है कि पटरी मात्र 16 फिट है। जबकि ठेकेदार की मनमानी के कारण किसानों की जमीन में बढ़कर मिट्टी डाला जा रहा है। जिससे किसानों के खेत में गड्ढा के साथ-साथ तैयार फसल बर्बाद हो रही है। इसकी जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस व लेखपाल अवनीश कुमार ने काम रुकवा कर किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया। इस मौके पर किसान मुंशी यादव, कैलाश यादव, किशोर, तुलसी, पखंडू,छोटू यादव,वीरेंद्र सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

### सीएए लागू होने पर डीएम-एसपी ने निकाला मार्च



**गाजीपुर।** नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने, रमजान माह व आगामी लोकसभा चुनाव पर सतर्कता के मद्देनजर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमबीर सिंह ने नगर क्षेत्र में पैदल रूट मार्च किया।इस दौरान डीएम व एसपी ने शहर के आम जनमानस से संवाद किया। जिसमें लोगों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के सकारात्मक पक्ष से अवगत कराते हुए उक्त परिप्रेक्ष्य में किसी भी तरह के अफवाहों का प्रचार-प्रसार न करने व सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इसके साथ ही त्योहारों के अवसर पर शांति कायम करने की भी अपील की गई। कहा गया कि किसी भी तरीके से गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह रूट मार्च पुलिस चौकी विशेश्वरगंज से शुरू होकर खोवामंडी, रजदेपुर, टाउन हॉल, चीतनाथ, नखास, खुदाईपूरा, एमएएच इंटर कॉलेज के रास्ते कोतवाली पहुंचकर समाप्त हुआ। रुट मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, उपजिलाधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय फोर्स व केंद्रीय बल सीआईएसएफ के अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पिरथीपुर के किसान की मौत

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



जनपद के बिरनो थाना अंतर्गत पिरथीपुर निवासी एक किसान मगंलवार को अपने खेत से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। इसी बीच किसान को तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची बिरनो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बता दें कि मंगलवार को मृतक रमेश कुशवाहा (45) पुत्र स्व. चंद्रजीत कुशवाहा बाइक से घर से कुछ दूरी पर सरसों का खेत देखने के लिए गए हुए थे। खेत देखकर वापस वह बिरनो थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर अभी पहुंचे ही थे कि आजमगढ़ की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें मोटर साइकिल सवार किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। गाड़ी की टक्कर की आवाज को सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में स्थानीय पुलिस और परिजनों को सूचना दी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बिरनो पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को गाड़ी में लेकर जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गई। जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद भाग रही कार को चालक समेत कब्जे में ले लिया गया है। कार चालक को पुलिस हिरासत में रखा गया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों को सूचना दे दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों की ओर से जो आवेदन प्राप्त होगा। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।उधर मृतक के घर पत्नी समेत बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के चार पुत्र हैं। संदीप कुशवाहा, प्रवीण कुशवाहा, सत्येंद्र कुशवाहा व जितेंद्र कुशवाहा। एक भरा पूरा परिवार है। मौत की खबर सुनते ही इस परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नि तारा देवी के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। उधर घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# जिला जेल के लिए जमीन अधिग्रहण के विरोध में किसानों ने दिया धरना

**केटी न्यूज/ चंदौली**

जिला कारागार निर्माण के लिए जनपद के बर्थरा खुर्द में अधिग्रहित की जा रही भूमि के विरोध में किसानों ने मंगलवार को बिछियां धरनास्थल पर धरना दिया। इस दौरान किसानों ने अन्यत्र जिला जेल बनाए जाने की मांग की। कहा कि यदि बर्थरा खुर्द में जिला जेल का निर्माण किया गया तो 60 प्रतिशत किसान भूमिहीन हो जाएंगे, लिहाजा किसान हित को ध्यान में रखते हुए जिला जेल के निर्माण अन्यत्र कराया जाए। अंत में मांगों से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार सदर को सौंपा। इस दौरान पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने कहा कि निर्माण के नाम पर किसानों को उजाड़ने का षड्यंत्र हो रहा है। जिला प्रशासन को किसी भी निर्माण से पहले स्थानीय नागरिकों व किसानों को आने वाली दिक्कतों को लेकर चर्चा करनी चाहिए। स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करना चाहिए। लेकिन चंदौली जिले में ऐसा नहीं हो रहा है। सत्ता पक्ष के दबाव में आकर आमलोगों के हितों को दरकिनार कर जबरिया किसानों को भूमिहीन बनाने का षड्यत्र हो रहा है। किसानों ने कहा कि बर्थरा गांव के अधिकांश किसान गरीब हैं और उनके पास छोटे-मोटे रकबे हैं जिस पर वह धान-गेहूं सहित अन्य फसलों को उगाकर अपनी आजीविका जैसे-तैसे चला रहे हैं। ऐसे में उनकी जमीन जिला जेल निर्माण के लिए अधिग्रहित कर ली गई तो उनके पास कुछ भी नहीं बचेगा। बर्थरा खुर्द गांव के 60 प्रतिशत किसान पूरी तरह से भूमिहीन हो जाएंगे, जिसे जिला प्रशासन व शासन संज्ञान में ले और जिला जेल निर्माण को अन्य कराए, ताकि स्थानीय किसानों का अहित होने से बच जाए। इस अवसर पर राजेश यादव, आकाश यादव, रामप्रसाद, मनोज यादव, कृष्णलाल, संतोष, हसनू, अंकित सिंह, सौरभ, श्याम, दरोगा, राजेंद्र, सूबेदार यादव, गंगा सेवक, दयाराम, रामलखन, विकास सिंह, बाबूलाल यादव, जमुना पांडेय आदि उपस्थित रहे।




## डीएम ने शिक्षा, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, मूलभूत संरचना की समीक्षा की

# कुपोषण की स्थिति से बच्चों को बाहर निकालने का डीएम ने दिया निर्देश

**केटी न्यूज/ बलिया**



जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्य रूप से शिक्षा, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, मूलभूत संरचना से संबंधित इंडिकेटरों पर चर्चा हुई। इसमें डीएम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डीएम ने स्वस्थ एवं पोषण की समीक्षा में 5 साल से कम उम्र के अंडरवेट बच्चों एवं अति कुपोषित बच्चों की संख्यां से संबंधित आईसीडीएस विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के एम पांडे को सभी ब्लॉकों के सीडीपीओ को निर्देशित कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से पोषण युक्त भोजन उपलब्ध करवाकर कुपोषण की स्थिति से बच्चों को बाहर निकालने का निर्देश दिया। टीबी केस नोटिफिकेशन के मामले में एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से संबंधित ब्लाक के सीएम फेलो को एमओआइसी के सहयोग से लोगों के अधिक से अधिक टेस्टिंग करने एवं रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सीएमओ को गोल्डन कार्ड वितरण, संस्थागत प्रसव, सेक्स रेश्यो एट बर्थ जैसे बिंदुओं पर फोकस करते हुए स्थिति में सुधार लाने एवं सही डाटा पोर्टल पर फीड करने का निर्देश दिया। वित्तीय समावेशन और कौशल विकास की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जनधन योजना जैसी योजनाओं में लोगों की नामांकन संख्या बेहतर पाई गई। उन्होंने कहा कि ब्लॉकों के सीएम फेलो बैंकों के कोऑर्डिनेटर एलडीएम से संपर्क कर समावेशी योजनाओं और आधार सीडिंग में बेहतर प्रगति की है। कौशल विकास योजना के अंतर्गत अप्रेंटिस पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अल्पसंख्यक के अंतर्गत आने वाले प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के प्रमाण पत्र के सही आंकड़े पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश आईटीआई के प्रधानाचार्य को दिए। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान सूक्ष्म सिंचाई से लाभान्वित होने वाले किसानों का डाटा एटीएम और बीटीएम के माध्यम से इकट्ठा कर पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।इसमें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किसान एवं व्यक्तिगत सूक्ष्म सिंचाई का उपयोग करने वाले किसानों को शामिल किया जाएगा। कृत्रिम गभार्धान कम होने पर डीएम ने कम प्रगति वाले सीएम फेलो को मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर इसमें प्रगति लाने का निर्देश दिया।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

पूर्वांचल

बक्सर, 13 मार्च 2024

website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुआ है: डॉ. संगीता बलवंत

- जनपद के उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' का हुआ उद्घाटन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मंगलवार को गाजीपुर सिटी स्टेशन पर सैकड़ों आंखों ने एक साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर अहमदाबाद गुजरात से रवाना करने का लाइव प्रसारण देखा। जिसमें वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के तहत स्टॉल का उद्घाटन भी किया गया। लाइव प्रसारण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का परम सौभाग्य है कि अटल बिहारी बाजपेयी के बाद देश को नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जो विकासशील भारत को विकसित भारत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 का काल खंड भारत का स्वर्णिम काल खंड है। जिसमें प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छुआ है। जम्मू- कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र एवं भाजपा नेता अभिनव सिन्हा ने कहा कि



देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़े बदलाव की ओर तेजी से बढ़ रहा है। चाहे वह रेल, सड़क, वायु या जल मार्ग हो।सबके इंफ्रास्ट्रकचर में ऐतिहासिक बदलाव हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ₹वन स्टेशन वन प्रोडक्ट₹ का शुभारंभ कर हमारे श्रमिक भाईयों के नए अवसर पैदा किए हैं। आज देश को 10 नए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी समर्पित किया है। उन्होंने विशेष जोर देते कहा कि गाजीपुर से भी लखनऊ और दिल्ली के लिए वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। लोकसभा संयोजक कृष्णबिहारी राय ने पूर्व रेल राज्यमंत्री और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा का जिक्र करते हुए कहा कि गाजीपुर में बिना किसी मांग के स्टेशनों का कायाकल्प, रेलवे के डेमू और मेमू शेड जैसे बड़े कारखाने, ट्रेनिंग सेंटर, बड़े महानगरों के लिए ट्रेनों का संचालन जैसें अनेकों विकास के कार्य हुए हैं। रेल इंजन बनाने के कारखाने आदि को विकसित किया है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व आज के कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और (सिनियर डीएमई एनईआर) अपूर्व स्वर्णकार ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह तथा अपने स्वागत संबोधन से किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नपा अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, सोमारू चौहान, रासबिहारी राय,कार्तिक गुप्ता, अभिनव सिंह,निखिल राय, शशांक राय, गर्वजीत सिंह,शनि चौरसिया,शिवम त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### शर्मनाक: चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

**मिजार्पुर।** जनपद के अदलहाट थाना क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची की मां को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने परिजनों को बताया जिसपर 112 को कॉल किया गया। 112 मौके पर पहुंची तो मामला जानने के बाद थाना प्रभारी को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने बच्ची को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा। देर रात मौके पर पहुंचे सीओ ने भी परिजनों से जानकारी ली। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई में जुटी हैं। चुनार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने आरोप लगाया है कि सोमवार की रात लगभग 9 बजे उसकी बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी गांव का ही एक युवक मौके पर आया। मासूम को खेलाने के बहाने गोदी में उठाकर ले गया। इसके बाद वह इसे पास के ही ईंट भट्टे पर ले गया । उसके साथ दुष्कर्म किया। जब मासूम अचेत हो गई तो उसे लेकर घर पहुंचा । उसकी माँ को बताया कि आप की बेटी सो गई है। कुछ देर बाद जब मासूम जागी तो वह दर्द से कराह रही थी। पूछने आपबीती बताई। इस पर बिटिया की मां के कहने पर परिजनों ने 112 पर फोन किया।

जिस पर पीआरवी पहुंची। पीआरवी ने घटना की जानकारी लेकर थाने को दिया। मंगलवार को मेडिकल कराया गया। एसपी ने बताया कि इस गंभीर मामले की मॉनिटरिंग सीओ कर रहे हैं। आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रयास किया जाएगा इसे एक माह के अंदर सजा दिलाया जा सकें।

### बस दुर्घटना में घायल से मिले जिलाधिकारी

**मऊ।** जनपद के रानीपुर खिरिया से बारातियों से भरी बस गाजीपुर जनपद के मरदह क्षेत्र स्थित महारे गांव में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से काफी लोग झुलस गए। कुछ घायल व्यक्तियों का इलाज जनपद चिकित्सालय में किया जा रहा है।जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने घटना की जानकारी होने पर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर इलाज हेतु भर्ती लोगों का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने सीएमएस को बस दुर्घटना में घायल लोगों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएस को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर घायल लोगों को बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हेतु तत्काल समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।जिला अस्पताल सदर मऊ में भर्ती लोगों का विवरण निम्न है- दिव्यांशु पुत्र गोविंद पासवान उम्र 4 वर्ष निवासी ओन्हाइच, मीरा पत्नी अमरजीत, उम्र 37 वर्ष निवासी ओन्हाइच, पूजा पत्नी गोविंद उम्र 30 वर्ष निवासी ओन्हाइच, नैंसी सरोज पुत्री दिनेश कुमार उम्र 16 वर्ष, निवासी खिरिया, निर्जला पुत्री दिनेश कुमार उम्र 17 वर्ष।

### सीमेंट से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, ट्रैक्टर में लगी भीषण आग

**जौनपुर।** मरियाहू कोतवाली थाना क्षेत्र के सीरिया बसई नदी पुल के पास सीमेंट से लगा ट्रैक्टर अनियंत्रित होगा पलट गया ट्रैक्टर पलटते ही उसमें आग लग गई ड्राइवर ने किसी तरह खुद कर अपनी जान बचाई घटना की जानकारी मिलती ही मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आप पर काबू पाया हालांकि तब तक ट्रैक्टर पूरी तरह से जल चुका था। रामपुर थाना क्षेत्र के सिधवन एक फैक्ट्री से सीमेंट लाद कर ट्रैक्टर कहीं जा रहा था।जैसे ही मडियाहू कोतवाली के सिर गांव के पास पहुंचा ट्रैक्टर पलट गया।ट्रैक्टर पलटते ही इंजन में भीषण आग लग गई और वह धू धूकर होकर जलने लगा ट्रक चालक तारा दूबे ट्रैक्टर से कूद कर किसी तरह जान बचाई। ट्रैक्टर ड्राइवर के पास सीमेंट का ना तो कोई पर्ची है ना कोई कागजात है।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानों ने धूधू कर जल रहे ट्रैक्टर की आग पर किसी तरह काबू पाया।ट्रैक्टर पर परफेक्ट सीमेंट लदा हुआ है बताया जाता है यह सिद्ध के बोखारा फैक्ट्री से निकली हुई सीमेंट है जहां परफेक्ट सीमेंट नहीं बनता।

### रामोत्सव में सावित्री को मिला कर्मयोगी सम्मान

**मऊ।** संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अयोध्या में आयोजित रामोत्सव आयोजन में रविवार को शैक्षिक समागम एवं गुरु वशिष्ठ के राम विषय पर संपन्न हुई संगोष्ठी में मऊ जनपद के रस्तीपुर के कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सावित्री देवी को कर्मयोगी सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। उनके सम्मानित होने पर विद्यालय परिवार के साथ अन्य शिक्षकों एवं बौद्धिक वर्ग ने उन्हें बधाई दिया।

## खबरें फटाफट

### बेकाबू ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, पत्नी की मौत-पति घायल

**मऊ।** जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के खुरहट रानीपुर मुख्य मार्ग के चक्रदेवा पुलिया के पास बेकाबू ट्रेक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे पति की हालात गंभीर है, वहीं पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के समय पति-पत्नी साथ में देईया माई मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोपागंज थाना क्षेत्र निवासी बाडा इंदारा गांव निवासी सीताराम राजभर अपनी पत्नी मानवती देवी को लेकर मंगलवार की सुबह खुरहट होकर देईया माई मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। अभी वह रानीपुर थाना के खुरहट रानीपुर मुख्य मार्ग के चक्रदेवा के पास पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही मानवती देवी ट्रैक्टर ने अगले पहिए के नीचे आ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं घटना के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मानवती को मृत घोषित कर दिया।

### नाबालिग ने चार लोगों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**गोंडा।** जनपद में परसपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गांव के ही रहने वाले दो नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए गोंडा पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर के आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। लड़की की मां ने गोंडा पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर के आरोप लगाया है कि बीती रात मेरी बेटी अपनी भाभी के साथ शौच के लिए तालाब के पास गई थी। काफी देर तक जब वापस नहीं आई तो उसे ढूंढने तालाब की तरफ गए। तो वहां पर लड़की के जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनी। वहां पहुंचे तो मेरी लड़की नग्न अवस्था में थी। मेरी लड़की के साथ गांव के ही दो सम्मनवा, झमन व इनके दो अज्ञात व्यक्तियों ने शराब के नशे में बारी-बारी से दुष्कर्म किया है।

## सीएम ने 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# पीएम ने सिटी को भी 'स्मार्ट' बना दिया: सीएम

- कई योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित
- बोले- नगर विकास विभाग के कार्यों का सबने माना लोहा

**केटी न्यूज/लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो प्रदेश को समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की इस गति में जब प्रदेश का हर नागरिक सहभागी बनता है, तब पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प की प्रतिपूर्ति होती है। हर भारतवासी का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश विकसित भारत बने। 2017 में 24 फीसदी आबादी नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, आज यह आबादी 30 फीसदी है और आने वाले पांच वर्ष में उप्र में यह आबादी 40 फीसदी पहुंचने वाली है। सीएम ने कहा कि पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी 'स्मार्ट' बना दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। सीएम ने यहां प्रदर्शनी-स्टॉल का अवलोकन कर नगर विकास विभाग की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। सीएम ने कहा कि पहली बार नगर विकास विभाग की ओर से इतने बड़े पैमाने पर योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हो रहा है। सात साल पहले नगर विकास विभाग का जितना बजट था, उसका तीन गुना केवल एक साथ लोकार्पित-शिलान्यास हो रहा है।

**नए निकायों का गठन हुआ, क्षेत्रफल भी बढ़ाए गए**

सीएम ने बताया कि 112 नए नगर निकायों का गठन हुआ। तीन नए नगर निगम भी बनाए गए। नगर पालिका परिषद व नई नगर पंचायतें गठित हुईं। उनके क्षेत्रफल को बढ़ाया गया। स्मार्ट सिटी व अमृत मिशन के साथ ही ऐसी तमाम स्कीमें लाई गईं, जिनकी ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी भूमिका है। पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी 'स्मार्ट' बना दिया। भारत सरकार के सहयोग से 10 और राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत सात नगर निगम समेत यूपी के कुल 17 नगर निगम स्मार्ट सिटी बन रहे हैं। उप्र देश का पहला राज्य है, जो सभी नगर निगमों को स्मार्ट सिटी मिशन के साथ जोड़कर काम कर रहा है।

**दूधिया लाइट से आज सभी नगर निकाय क्षेत्र चमकते हैं**

सीएम ने कहा कि हमारा पहला संकल्प क्या होना चाहिए। जब हम चुनते हैं तो बिना किसी खर्चे, अतिरिक्त प्रयास के चेयरमैन-पार्षद के रूप में हर वार्ड में स्वच्छता समिति का गठन करके उनके माध्यम से सुबह-शाम आधा-एक घंटे घूम लें तो स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की कार्रवाई हो, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए किए जाने प्रयासों में सहभागी बन जाएं। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले जब नगरों में निकलते थे तो बिजली आती नहीं थी। यदि आती भी थी तो स्ट्रीट लाइट आधी-अधूरी जलती थी, कोई पीली तो कोई सफेद जलती थी। लाइट इतनी कम रहती थी कि स्ट्रीट लाइट ठीक ढंग से काम नहीं करती थी। हम लोगों ने प्रदेश में फ्री में 16 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई।

**पहले की तुलना में आज सफाई बहुत अच्छी हुई है**

सीएम ने कहा कि पहले शहरी क्षेत्र कूड़े से लदे होते थे। आज पहले की तुलना में सफाई बहुत अच्छी हुई है, फिर भी अच्छे कार्य को और अच्छा करना चाहिए। शहर में जलजमाव न हो, सड़कें अच्छी हों, अभी से पांच वर्ष की कार्ययोजना बनाकर काम करें, हमारा नगर निकाय आत्मनिर्भर बने। इसके लिए निकाय की आय को भी बढ़ाएं। सात वर्ष में केंद्र व राज्य सरकारों ने काफी बड़े लक्ष्य को हासिल किया। नगर विकास के अंदर आज प्रदेश में 15 लाख गरीबों को 3500 करोड़ से अधिक की राशि वितरित हो चुकी है और प्रदेश में 56 लाख गरीबों को पीएम आवास मिला। तीन करोड़ लोगों को शौचालय मिला। 15 करोड़ लोग फ्री राशन की सुविधा पा रहे, 19 लाख स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि योजना का लाभ पा रहे। 762 नगर निकायों में बिना भेदभाव के साथ शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। सीएम ने कहा कि पीएम की मंशा के अनुरूप एक्सप्रेशनल विकास खंड की तर्ज पर नए व पिछड़े नगर निकायों को आकांक्षात्मक नगर निकाय के रूप में चिह्नित करके वहां सीएम अर्बन फेलो की तैनाती करें। 100 अर्बन फेलोज को आज टैबलेट दिया गया। इंडीकेटर तय किए गए हैं, टैबलेट के माध्यम से ऑनलाइन फीडिंग होगी, यहां से मॉनीटरिंग व फिजिकल वेरीफिकेशन होगा। फिर हम उनकी रैंकिंग तैयार करेंगे। अच्छा कार्य करने वाले को इंसेंटिव देंगे। कार्य न कर पाने वाले को प्रोत्साहित करेंगे। 100 प्रतिशत सेच्युरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने में हम सभी सहभागी बनें।

**नगर विकास के कार्यों को सबने माना लोहा**

सीएम ने कहा कि अयोध्याधाम में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नगर विकास के कार्यों का सबने लोहा माना है। अगले वर्ष प्रयागराज कुंभ होना है, 2025 महाकुंभ में नगर विकास विभाग ने अपना कार्य शुरू कर दिया है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के सफल आयोजन में नगर विकास की महत्वपूर्ण भूमिका थी। नगर विकास नए इनोवेशन के साथ प्रदेश में अलग तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु', महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, मोहसिन रजा, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# दर्शनार्थियों से भरी बस में ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, 17 घायल

- आठ की गंभीरहालत को देखते हुए किया गया रेफर

**केटी न्यूज/जौनपुर**

अयोध्या रामलला के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में एक श्रद्धालु की मौत हो गयी। जबकि17 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चींख पुकार मच गई।अफरा तफरी का माहौल हो गया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां से डॉक्टरों ने आठ की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सभी श्रद्धालु सोनभद्र से अयोध्या दर्शन को जा रहे थे।ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो



गया। पूरी घटना थाना जलालपुर क्षेत्र के असबरनपुर गांव के पास की है। जानकारी के मुताबिक सुबह तड़के चार बजे के लगभग सोनभद्र से अयोध्या रामलला के दर्शन करने जा रहे बस में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।घटना में अशोक पटेल नामक एक श्रद्धालु की मौत हो गयी।जबकि 17 लोग घायल हो गए।बस के 41 श्रद्धालु सवार थे।घटना के बाद श्रद्धालुओं में अफरा तफरी मच गई।

टक्कर की तेज आवाज सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। वहीं आस पास के लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने आठ की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सभी श्रद्धालु सोनभद्र जिले के विंडमगंज थाना पटेल नगर के बताए जा रहे हैं।मौके से ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घायल हुए दर्शनार्थियों की पहचान विद्या देवी पत्नी श्याम सुंदर, शकुंतला देवी पत्नी लाल जी,पंचू राम पटेल पुत्र प्रयाग पटेल, मीना देवी पत्नी जोखम,राम सकल पुत्र चनरमन,बरती देवी पत्नी फूलचंद ,जमुना प्रसाद ,मीना देवी ,चंद्रदेव पाल, पनवादेवी पत्नी दीनानाथ पटेल, सीमा देवी सूर्यमणि पटेल, राम लगन,बुद्धि पुत्र भीखू,सीमा देवी। सभी का इलाज जारी है।

## भारतीय संस्कृति और योग एवं लोक कलाओं का संरक्षण सत्रों का हुआ आयोजन

# लोक कलाकारों की स्मृतियों का करें दस्तावेजीकरण: डॉ चोपड़ा

**केटी न्यूज/जौनपुर**

कल्चरल क्लब एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को भारतीय संस्कृति और योग एवं लोक कलाओं और संस्कृति का संरक्षण विषयक सत्रों का आयोजन किया. संस्कृति विभाग उ.प्र. के सहयोग से आयोजित की जा रही कार्यशाला संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन, दस्तावेजीकरण पर आधारित है। प्रशिक्षण सत्र में बतौर मुख्य वक्ता ख्यातिलब्ध लेखक और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. धनंजय चोपड़ा ने कहा कि लोक संस्कृति मानव मूल्यों पर आधारित है, अगर आपके जीवन में मूल्य नहीं है तो जीवन व्यर्थ है. उन्होंने कहा न्यू मीडिया के दौर में लोक



कलाओं और किताबों से जुड़े रहे तभी रच पायेगें. उन्होंने कहा कि लोक कलाकारों के पास जो स्मृतियाँ है उसका दस्तावेजीकरण करें. उन्होंने कहा कि गाँव के लोग बहुत सृजनधर्मी होते है चलते लोकगीतों की रचना करते है, रिकॉर्डर के माध्यम इसे सुरक्षित कर लेखन करे. उन्होंने विभिन्न लोक कलाओं के बारे में विस्तार से बताया.उन्होंने कहा कि लोक कलाकारों ने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं किया बल्कि चेक गणराज्य में सत्ता के खिलाफ आवाज भी कठपुतलियों ने उठाई है. योग एवं भारतीय संस्कृति सत्र में संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है. विद्यार्थी अपनी दिनचर्या में इसे शामिल कर तन और मन को शुद्ध रख सकते है. उन्होंने कहा कि भारत के ऋषियों ने भी योग के महत्व को बखूबी समझा है. योगाचार्य जय सिंह ने प्रतिभागियों को योग, ध्यान और प्राणायाम कराया. उन्होंने कहा कि मन को नियंत्रित करने के लिए योग करें. अवधूत भगवान राम पीजी कॉलेज अनपरा सोनभद्र के प्राचार्य डॉ अजय विक्रम सिंह ने युवाओं को भारत के महापुरुषों के बारे में बताया. जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो मनोज मिश्र ने विविध लोक कलाओं पर विस्तार से अपनी बात रखी और लोकगीतों को भी सुनाया. उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी लोकगीतों की मिठास को समझे.



## सुभाषितम्

# सीएए: क्या मोदी ने उन्नीस में ही चौबीस की इबारत लिख दी थी

क्या नरेन्द्र भाई मोदी ने अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता का परिचय देते हुए अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के श्रीगणेश पर ही तीसरे कार्यकाल की इबारत लिख दी थी? यह सवाल आज इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्री देश भारत में सांसद द्वारा पारित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) अब इक्यावन महीनों बाद लागू किया गया, जिसके माध्यम से मोदी ने अपनी अगली महाविजय की इबारत लिख दी, अब पूरे देश में एक साथ इस कानून के लागू कर दिए जाने से पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बंगलादेश के उत्पीडन पीडित गैर मुस्लिम लाखों नागरिक जो पिछले दस वर्षों से शरणार्थी के रूप में भारत में रह रहे थे, उन्हें अब कानूनी रूप से भारतीय नागरिकता प्राप्त हो सकेगी। यद्यपि संसद द्वारा साढ़े चार साल पहले पारित इस कानून के इतनी देरी से एन-चुनाव के पूर्व लागू करने पर मोदी आलोचना के पात्र बन रहे है, किंतु ह्यदेर आए-दुरूस्त आएह्न की तर्ज पर अब सही भी माना जा रहा है। जब यह कानून संसद ने पारित किया था तब यह दुष्प्रचार किया गया था कि उस कानून के लागू होने पर देश के मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी, इस दुष्प्रचार में मात्र सिविल सोसायटी के लोग ही नहीं; बल्कि कई राजनीतिक दल भी शामिल थे, वे जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धी के खातिर भड़काना चाहते थे, जबकि इस कानून की, किसी की भी नागरिकता छीनने से कोई लेना-देना नही है। उल्टे नागरिकता हासिल करवाने का प्रावधान है। पिछले चार सालों से भी अधिक से जो लाखों शरणार्थी भारत में विस्थापित की जिन्दगी जी रहे थे, अब वे कानूनी रूप से भारत के नागरिक बन सकेगें। यह भी एक तथ्य है कि अफगानिस्तान हिन्दुओं से करीब-करीब खाली हो चुका है और पाकिस्तान व बंगलादेश में हिन्दू, सिख, जैन, पारसी आदि काफी उत्पीड़न के शिकार है। उनके सामने अपनी जान बचाने के लिए मजबूरी में मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है, अब ये उत्पीड़न झेल रहे लोग भारत आकर यहां के कानूनी नागरिक बन सकेगें। अब यदि इस कानून के इतिहास की बात करें तो संसद से यह कानून ग्यारह दिसम्बर 2019 को पारित हुआ था, अगले ही दिन इस पर राष्ट्रपति जी की मोहर भी लग गई थी, लेकिन उस समय इस कानून के विरोध में दिल्ली में दंगा भड़क गया था, इसलिए उस समय सरकार ने इसे लागू नही किया, फिर कोविड महामारी ने भी इसे लागू करने में अवरोध पैदा किया, हमारा कानून कहता है कि संसद द्वारा पारित कोई भी कानून राष्ट्रपति जी की मंजूरी के बाद छः माह के अंदर उसके नियम अधिसूचित हो जाना चाहिए, यदि ऐसा नहीं होता है तो संसद के दोनों सदनों की समय विस्तार संबंधी अनुमति लेनी होती है, इस कानून के नियमों को अधिसूचित करने में वर्ष 2020 से आठ बार गृह मंत्रालय ने संसदीय समितियों से नियमित अंतराल पर समय विस्तार लिया, तब अब कहीं जाकर इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकी। यद्यपि केरल और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारें अभी भी इसका विरोध कर अपने राज्यों में इसे लागू नहीं करने की घोषणाऐं कर रही है, लेकिन कानून बन जाने के बाद इसे लागू करने की उनकी भी मबजूरी होगी, वैसे भी पाक, बंगलादेश व अफगानिस्तान के शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान इस कानून के तहत राज्यों को नहीं बल्कि केन्द्र सरकार के ही पास है लॉनलाईन बना दिया है और पोर्टल भी तैयार कर लिया है। पात्र विस्थापितों को पोर्टल पर ऑनलाईन नागरिकता के लिए आवेदन करना होगा। इस प्रकार इस कानून का सफर नौ दिसम्बर 2019 से शुरू हो गया और अब यह कानून बनकर हमारे सामने है। अब इस कानून के तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए जाने से राजनीतिक रूप से मोदी सरकार को कितना फायदा होगा या विरोधी दलों के स्वर कैसे रहेगें, यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु यह तय है कि इस नागरिकता संशोधन कानून के पीछे मोदी सरकार का कोई तो चुनावी लाभ का मकसद होगा ही, तभी इसे आकस्मिक रूप से तुरंत-फुरत लागू किया गया?

## चिंतन-मनन

# इच्छा का लक्ष्य है खुशी

बुरी आदत को छोड़ने की असमर्थता तुम्हें तकलीफ देती है। जब तुम बहुत पीड़ित होते हो, वह व्यथा तुम्हें उस आदत से छुटकारा दिलाती है। जब तुम अपनी कमियों से व्यथा महसूस करते हो, तब तुम साधक हो। पीड़ा तुम्हें आसक्ति से दूर करती है। यदि अपने दुगुर्णों को हटा नहीं सकते, तो उन्हें विस्तृत कर दो। चिन्ता, अभिमान, प्रोध, कामना, दुख सबको एक और बड़ा आयाम दे दो, एक दूसरी दिशा। छोटे-छोटे विषयों पर नाराज होने का क्या तुक है? नाराज होना है तो अनन्तता के प्रति, ब्रह्म के प्रति हो। यदि तुम अपने अहंकार को नहीं खत्म कर सकते तो अहंकार करो कि ईश्वर तुम्हारे हैं। यदि आसक्ति तुम पर छाई है, तो सत्य के प्रति आसक्त हो जाओ। यदि ईर्श्या तुम्हें सताती है, तो सेवा के लिए ईर्श्या करो। द्वेष के प्रति द्वेष रखो; गुरु से राग करो। दिव्यता के प्रति मदहोश हो जाओ। इन्द्रिय सुखों की इच्छाएं विद्युत की तरह हैं; जैसे-जैसे वे विषय विस्तुओं की ओर बढ़ती है, निष्प्रभावी हो जाती हैं। अपनी कुशलता से यदि तुम इच्छाओं को अपने भीतर मोड़ सको- अपने अस्तित्व के केन्द्र की ओर- तो तुम्हें मिलेगा एक और आयाम- चिरन्तन सुख, रोमांच, परमानन्द और शात प्रेम। वासना, लोभ और ईर्ष्या इसलिए शक्तिशाली हैं क्योंकि ये केवल ऊर्जा हैं और तुम ही इनके स्रेत हो- वह विशुद्ध ऊर्जा। निष्ठा और भक्ति तुम्हारी ऊर्जा को शुद्ध बनाए रखती हैं, तुम्हें उन्नत करती हैं। जब तुम यह समझ लेते हो कि तुम स्वयं ही सुख की विद्युत धारा हो, तुम्हारी लालसाएं घटने लगती हैं और प्रशांति आती है। मृत्यु निश्चित है - यह याद रखने से तुम वर्तमान क्षण में सजीव रहते हो, राग और द्वेष से मुक्त। इच्छा खुशी को खत्म करती है, लेकिन सभी इच्छाओं का लक्ष्य है खुशी। जब भी जीवन से खुशी गायब होने लगे, भीतर गहराई में झांककर देखो- तुम पाओगे यह इच्छा के कारण हो रहा है। लेकिन हमारी इच्छा ही केवल खुशी है। कोई जीव आज तक पैदा नहीं हुआ जिसे दुःख की चाह हो- न ऐसा पहले कभी हुआ है, न भविष्य में होगा।

# सीएए और एनआरसी बिल के माध्यम से धार्मिक ध्रुवीकरण

**- सनत जैन**

भारत सरकार ने सीएए बिल कई वर्ष पूर्व पारित किया था। तभी राष्ट्रपति की स्वीकृति भी मिल गई थी। अब इस कानून को लोकसभा चुनाव के पहले लागू किए जाने की अधिसूचना जारी की गई है। सीएए लागू किए जाने को लेकर देश में एक बार फिर हंगामा शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर धार्मिक ध्रुवीकरण के लिए इसे ऐसे समय पर लागू किया जा रहा है, जब लोगों में धार्मिक आधार पर इसकी प्रतिक्रिया हो। चुनाव के पहले इस तरह की रणनीति राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की जाती है। ताकि चुनाव में इसका लाभ उनकी पार्टी को मिले। केंद्र सरकार ने असम में एनआरसी को लेकर धार्मिक ध्रुवीकरण का एक प्रयास शुरू किया था। इसमें कोर्ट के आदेश से नेशनल रजिस्टर आफ सिटिजन बिल के जरिए लोगों से उनकी नागरिकता का प्रमाण मांगा जा रहा था। भारत में अवैध रूप से रह रहे लोगों का डाटा तैयार करने के लिए एनआरसी बिल लाया गया था। पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में इसका भारी विरोध हुआ। एनआरसी का जब भारी विरोध हुआ तो देश में धार्मिक आधार पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उसके बाद सरकार ने एनआरसी की कार्रवाई को बंद कर दिया। उसके बाद सीएए कानून संसद के दोनों सदनों में पास कराया गया। इस बिल में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए हुए सिंधी, जैन, सिख, बौद्ध और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान किया गया। इसमें मुस्लिम धर्म मानने वालों को नागरिकता दिए जाने का प्रावधान नहीं है। धार्मिक आधार पर पहली बार इस तरह का नागरिकता कानून बना है। जिसका पश्चिम बंगाल एवं पूर्वोत्तर राज्यों में भारी विरोध हो रहा है। 1971 में जब पाकिस्तान के साथ भारत का युद्ध हुआ था। उस समय बांग्लादेश से बड़ी संख्या में शरणार्थी भारत आकर बसे थे। अधिकांश शरणार्थियों को पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में बसाया गया था। सीमा पार करके भी अवैध रूप से पिछले कुछ वर्षों में बांग्लादेश के मुस्लिम परिवार समय-समय पर भारत मैं आकर अवैध रूप से बसे हैं। 1947 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच अंग्रेजों ने बंटवारा करके दो राष्ट्र बनाये थे, उस समय बड़ी संख्या में पाकिस्तान से सिंधी, सिख, जैन एवं बौद्ध धर्म मानने वाले परिवार भारत आकर बस गए थे। सिंधी समुदाय के लोग सबसे ज्यादा संख्या में भारत आए थे। इन्हें देश के विभिन्न राज्यों में




स्थापित शरणार्थी शिवरों में रखा गया था। उनकी नागरिकता को लेकर भारत सरकार द्वारा कोई नियम कानून नहीं बनाये गए थे। इस कारण अनिश्चय की स्थिति बनी हुई थी।

केंद्र सरकार ने अब नागरिकता संशोधन कानून सीएए लागू कर दिया है। इस कानून के बन जाने के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हुए बिना दस्तावेज वाले गैर मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रावधान किया गया है। मुस्लिम धर्म को मानने वाले जो लोग पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आकर भारत में रह रहे हैं, उन्हें भारतीय नागरिक होने की पात्रता नहीं दी जाएगी। 1947 में भी ऐसी कोई शर्त नहीं रखी गई थी। जो भी नागरिक जहां पर भी रहना चाहता था, उसके लिए वह स्वतंत्र था। विभाजन के समय बहुत से परिवार अपने-अपने रिश्तेदारों और अपनी स्थितियों के कारण भारत से पाकिस्तान गए, और पाकिस्तान से भारत आए। भारत में नागरिकता का आधार जन्म और मतदाता सूची इत्यादि दस्तावेजों में नाम दर्ज होने से उसे भारतीय नागरिक मान लिया जाता था। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ। पाक अधिकृत बांग्लादेश को स्वतंत्र देश का दर्जा भारत सरकार ने दिया। भारत सरकार ने उस समय बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुजीबुर्रहमान के साथ मिलकर 1971 का युद्ध लड़ा था। इसमें भारत की जीत हुई। भारत के सहयोग से पाकिस्तान का एक बहुत बड़ा क्षेत्र बांग्लादेश के रूप में एक स्वतंत्र देश बन गया। इस लड़ाई में भारत को फायदा था। पाकिस्तान को दो टुकड़े में विभाजित करके भारत सरकार ने अपनी एक सीमा को सुरक्षित बना लिया था। यह उस समय की सबसे बड़ी भारत की जीत थी। भारत सरकार यदि बांग्लादेश के स्वतंत्रता सेनानियों को सहायता नहीं देती, तो बांग्लादेश कभी स्वतंत्र राष्ट्र नहीं बनता। 1947 के भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विभाजन और 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान से बांग्लादेश को तोड़कर नया राष्ट्र बना दिया था। उसके बाद ही पाकिस्तान शांत हुआ। भारत में नागरिकता के लिए धार्मिक आधार को बनाए जाने का विरोध मुसलमानों द्वारा किया जा रहा है। सिंधी समाज के लोगों को भी कई दशकों तक भारतीय नागरिकता से महरूम रखा गया। नागरिकता को लेकर भारत सरकार ने कभी इस तरह का विवाद नहीं होने दिया था। चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए धार्मिक आधार पर जो ध्रुवीकरण किया जा रहा है। उसके कारण सीमावर्ती राज्यों में अस्थिरता की स्थिति पैदा हो रही है। 1947 और 1971 के विभाजन के पश्चात पाकिस्तान और बांग्लादेश के जो परिवार भारत में आकर बस चुके थे। उन्हें एनआरसी और सीएए कानून को लेकर जो तलवार बार-बार लटकाई जा रही है, इसका एक मात्र उद्देश्य धार्मिक धुर्वीकरण के आधार पर वोटों की खेती करना है। वास्तविक समस्या का समाधान से उसका कोई लेना देना नहीं है। पिछले तीन दशक में धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर भारत में जो राजनीति की बिशात बिछाई जा रही है, उसके बड़े दुष्परिणाम अब देखने को मिलने लगे हैं। निश्चित रूप से सीएए कानून विशिष्ट रूप से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हुए लोगों को भारत की नागरिकता देने का कानून है। जो लोग अविभाजित भारत के स्थाई निवासी थे। 1947 और 1971 या उसके बाद आए हुए लोगों को नागरिकता देने के संबंध में स्पष्ट कानून बनाए जाने की जरूरत थी। नागरिकता कानून में सारे देश में एक धर्म विशेष के समुदाय को अलग रखे जाने से मुस्लिम समुदाय के लोगों में डर बना हुआ है। इस कारण मुस्लिम वर्ग के लोग विरोध कर रहे हैं। मुस्लिम धर्म के नागरिकों के लिये नागरिकता कानून की जो तलवार लटकाई जा रही है। उसे अशांति फैलती ही जा रही है। असम में एनआरसी के समय जो अफरा-तफरी मची थी। 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व धार्मिक ध्रुवीकरण के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने का यह एक प्रयास माना जा रहा है। सरकार ने नागरिक संशोधन कानून और एनआरसी कानून के अंतर को स्पष्ट रूप से समझाने का कोई प्रयास भी नहीं किया। एनआरसी कानून खत्म हो गया है, या भविष्य में इसे लागू किया जाएगा। इस बारे में सरकार ने चुप्पी साध रखी है।

# हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है धूम्रपान

**- योगेश कुमार गोयल**

**दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है**

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को ह्यनो स्मोकिंग डेह्न मनाया जाता है, जो इस वर्ष 13 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल ह्यतंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षाह्न विषय के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक ह्यमौत को खुला निमंत्रणह्न में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

अपनी पुस्तक ह्यमौत को खुला निमंत्रणह्न में मैंने विस्तार से यह बताया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं तथा 31 वर्ष पूर्व नशे के दुष्प्रभावों पर ह्यमौत को खुला निमंत्रणह्न पुस्तक लिख चुके हैं)**

# भाजपा की एक और तुरुप है सी ए ए...

**-राकेश अचल**

` भाजपा का सब्र लाजबाब है। इतना सब्र भाजपा कहाँ से लाती है आखिर भाजपा ने आम चुनाव में उतरने से पहले कालेधन की कालिख से अपने आपको बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट का इलेक्टोरल बांड का फैसला धूमिल करने के लिए आखिर सीएए को लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। भाजपा का ये फैसला है तो विवादास्पद लेकिन है आत्मघाती फैसल। ये फैसला भाजपा की नाव पार भी लगा सकता है और नाव डूबा भी सकता है।

भाजपा ने नागरिकता संशोधन का बीज चार साल पहले ९ दिसंबर 2019 को बोया था। इस बीज को अंकुरित करने के लिए भाजपा ने चार साल तीन महीने तक चुपचाप खाद-पानी दिया और जैसे ही इलेक्टोरल बांड की आंधी ने भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी करने की स्थितियां बनाईं वैसे ही भाजपा ने नागरिकता संशोधन विधेयक को लागू करने का ऐलान कर दिया। इस कानून के खिलाफ देश में शुरू में जो गुबार उठा था उसे भाजपा ने लंबा खींचकर पहले ही ठंडा कर दिया था ,लेकिन अब हालात बदल गए है । देश का विपक्ष भाजपा के इस दांव के सामने अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। नागरिकता कानून में संशोधन बोतल में बंद जिन्न की तरह है। भाजपा इस जिन्न के जरिये एक नहीं अनेक अल्पसंख्यक समुदायों को खुश करने का इंतजाम करना छाती ह। भाजपा को पता है की पिछले एक दशक में अल्पसंख्यक समुदाय के अनेक तबके भाजपा से नाराज है। ि नमने मुसलमान,ईसाई और सिख सभी शामिल है। अब इन समुदाय के विदेशियों के लिए नागरिकता का रास्ता आसान कर भाजपा चुनाव में इन सभी अल्पसंख्यक समूहों की सहानुभूति बटोरना चाहती है। ये दूर की कौड़ी नहीं बल्कि एक सोचा-समझा हुआ गणित है। नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। आपको याद होगा की नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक राज्यसभा से पारित हुआ था। भारत का नागरिकता अधिनयम ६९ साल पुराना है । इसकी आधारशिला अंग्रेजों के जमाने की है। भाजपा इस कानून के जरिये जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की तरह नागरिकता अधिनियम में तब्दीली करने के लिए कमर कसकर बैठी हुई थी। नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।

# आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन हर काम को बहुत ही सावधानी से करने का है। कार्यक्षेत्र में निरन्तर परिश्रम की आवश्यकता है।

**तुला** आज धन में वृद्धि होगी और आज का दिन आपके लिए सफलतादायक रहेगा।

**वृषभ** कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** आज लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन** आर्थिक लाभ का दिन है। आपके कोष में वृद्धि होगी और आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा।

**धनु** आज आर्थिक लाभ होगा। आपको संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा।

**कर्क** दिन लाभप्रद होगा। आज नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी।

**मकर** आज आर्थिक लाभ का दिन है और आपको कहीं से रुका धन मिलने से लाभ होगा।

**सिंह** आजं आर्थिक लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में कुछ खटपट रहेगी। साहस और धैर्य से काम लेना होगा।

**कुंभ** आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको लेन-देन के मामले में सावधानी बरतें।

**कन्या** आपका भाग्य साथ देगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी।

**मीन** आप अपने प्रतिद्वन्दियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। आपके लिए आज का दिन सम्मान से भरा होगा।

## विशेष

# कांग्रेस में पतझड़ तो भाजपा में बहार का मौसम

ऊपर वाले ने तीन प्रमुख मौसम बनाए ठंड, गर्मी, बरसात तीनों मौसम हर व्यक्ति के लिए एक से होते हैं अगर गर्मी है तो सबको गर्मी लगती है अगर ठंड है तो हर व्यक्ति रजाई ढूंढता है और अगर बरसात है तो सारे लोग भीग जाते हैं इन मौसमों के बीच में कुछ और छोटे-मोटे मौसम होते हैंजैसे बसंत, शरद, शिशिर, बहार, पतझड़ लेकिन आजकल का दो प्रमुख राजनीतिक दलों में एक साथ दो अलग-अलग मौसम चल रहे हैं हम बात कर रहे हैं कांग्रेस और भाजपा की कांग्रेस में इन दिनों पतझड़ का मौसम है रोजाना कांग्रेस के बट वृक्ष से एक न एक पुराना पत्ता गिरता है और जाकर भाजपा की बहार में शामिल हो जाता है जिस गति से कांग्रेस के नेता रुपी पत्ते रोजाना गिरते जा रहे हैं उस हिसाब से बहुत जल्द वह ठूंठ बनकर रह जाएगा ।अब दिक्कत ये है कि बट वृक्ष को ना तो खाद मिल रही है और ना ही पानी, इधर भाजपा में चौतरफा बहार ही बहार है सारे पत्ते फल फूल रहे हैं बाहर से आए पत्तों को भी पेड़ की ऊंची ऊंची डगालों में सुशोभित किया जा रहा है लेकिन इन सब के बीच अपने भाजपा के पुराने पत्ते बेचारे बड़े दुखी हैं जिंदगी भर जिस पेड़ को हरा भरा रखा उस पेड़ पर उनकी कोई औकात ही नहीं बची उनके सर के ऊपर कांग्रेस के पतझड़ के पत्तों को सजाया जा रहा है। दरअसल ये राजनीति है ही ऐसी चीज सत्ता के लिए तमाम राजनीतिक दल साम ,दाम दंड भेद तमाम तरह की चीजों को अपना लेते हैं ।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1879 : ब्रिटेन ने अफगानिस्तान पर हमला किया। 1919: गांधीजी की नवजीवन पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ। 1949: पूर्वी जर्मनी में जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई थी। 1950: मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की स्थापना की। 1958: पाकिस्तान में राष्ट्रपति सिकंदर मिर्जा ने मार्शल लॉ लागू किया। 1967: यूनान की सैनिक सरकार ने निष्कासित प्रधानमंत्री और अन्यों पर लगे प्रतिबंध उठा लिए। 1970: संयुक्त अरब गणराज्य के उपराष्ट्रपति अनवर सादात ने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला। 1976 : सैनिक सरकार ने थाईलैंड में स्थिति सामान्य बनाने के लिए प्रतिबंधों में ढील देनी शुरू की। 1987 : मिस्त्र के उपराष्ट्रपति हुस्ती मुबारक राष्ट्रपति अनवर सादात के उत्तराधिकार मनोनीत किए गए।

## दैनिक पंचांग

**13 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.18 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मेष | 07.49 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.29 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.27 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 13.40 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 15.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.08 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.34 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.50 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मकर | 02.55 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.41 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 73 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 01.26 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 18.25 बजे को समाप्त।
**योग** इन्द्र 00.48 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** वणिज 14.41 बजे तदनन्तर विष्टि 01.26 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 2.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 49'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871917
**जूलियन दिन** 2460382.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रमजान
**तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |


**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore




## दुनिया के दूसरे देशों से अलग करती हैं पुर्तगाल को ये चीजें


**दुनिया में कई ऐसे देश हैं जो बाकी देशों से बिल्कुल अलग हैं। इन देशों में पुर्तगाल का नाम भी शामिल है। फुटबॉल खेलने वाली दुनिया की बेस्ट टीमों में पुर्तगाल का भी नाम है। इस देश में कई ऐसी चीजें हैं जो दुनिया के दूसरे देशों से इसको अलग करती हैं। आईए बताते हैं इस देश से जुड़ी कुछ दिलचस्प और खास बातें जिनके बारे में जानकर आपको यकीन नहीं होगा।**

- पुर्तगाल की स्थापना 1128 ईस्वी में की गई थी। इस देश को आधिकारिक तौर पर पुर्तगाली गणराज्य कहते हैं। यह यूरोप के सबसे ज्यादा पुराने देशों में शामिल है। पुर्तगाल की 15 ऐसी जगहें हैं जो यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों में शामिल हैं। अलकोबाका मठ, बटाला मठ और ऑल्टो डोरो वाइन यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल में शामिल हैं। इसके साथ ही पुर्तगाल की कई और रोचक बाते हैं जिनके बारे में कम ही लोग जानते होंगे।
- पुर्तगाल के एक शेफ ने साल 2012 में कमाल कर दिया था। उसने दुनिया का सबसे बड़ा ऑमलेट बनाने का काम किया था। इस ऑमलेट का वजन 5443 किलो से भी ज्यादा था।
- पुर्तगाल का कोयंबरा विश्वविद्यालय काफी प्रसिद्ध है। यह दुनिया के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में शामिल है। इसकी लाइब्रेरी बेहद अनोखी है और इसमें रखी पुस्तकों को दीमक नुकसान ना पहुंचा पाएं इसके लिए एक खास उपाय किया गया है। यहां चमगादड़ पाले गए हैं ताकि वे दीमकों को खा जाएं।
- पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में स्थित एक पुल यूरोप का सबसे लंबा पुल है। 17 हजार मीटर से भी ज्यादा लंबे इस पुल का नाम वास्को डी गामा है।
- पुर्तगाल में ही पानी के अंदर बना दुनिया का सबसे बड़ा कृत्रिम पार्क है। इस पार्क को ओशियन रिवाइवल अंडरवॉटर पार्क' कहा जाता है। इसके अलावा पुर्तगाल में कई बेहद खूबसूरत स्थल हैं जहां हमेशा पर्यटक आते रहते हैं। इन जगहों की खूबसूरती देखती ही बनती है।









# मेवाड़ के प्राचीन इतिहास तथा वीरता का साक्षी है कुम्भलगढ़ का किला

राजस्थान का अपना एक समृद्ध इतिहास है, जो इसे पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाता है। यहां के किले और महल पर्यटकों को अपनी ओर बेहद आकर्षित करते हैं। वैसे तो जयपुर से लेकर जैसलमेर तक आमेर का किला लोगों के बीच काफी मशहूर है, लेकिन उनमें से कुंभलगढ़ के किले का एक अलग ही महत्व है। इस किले की खासियत इसकी 36 किमी लंबी दीवार है। यह राजस्थान के हिल फाउंटेन में शामिल एक विश्व धरोहर स्थल है। 15वीं शताब्दी के दौरान राणा कुंभा द्वारा निर्मित इस किले की दीवार को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार का दर्जा प्राप्त है।

### दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार

आपने चीन की ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के बारे में तो सूना होगा, लेकिन कुंभलगढ़ को भारत की महान दीवार कहा जाता है। उदयपुर के जंगल से 80 किमी उत्तर में स्थित, कुंभलगढ़ किला चित्तौड़गढ़ किले के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा किला है। अरावली पर्वतमाला पर समुद्र तल से 1,100 मीटर (3,600 फीट) की पहाड़ी की चोटी पर निर्मित, कुंभलगढ़ के किले में परिधि की दीवारें हैं जो 36 किमी (22 मील) तक फैली हुई हैं और 15 फीट चौड़ी है, जो इसे दुनिया की सबसे लंबी दीवारों में से एक बनाती है। अरावली रेंज में फैला कुम्भलगढ़ किला मेवाड़ के प्रसिद्ध राजा महाराणा प्रताप का जन्मस्थान है। यही कारण है कि इस किले के दिलों में राजपूतों का विशेष स्थान है। 2013 में, विश्व विरासत समिति के 37 वें सत्र में किले को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

### कुंभलगढ़ किले की संरचना

किला सात विशाल द्वारों के साथ बनाया गया है। इस भव्य किले के अंदर की मुख्य इमारतें बादल महल, शिव मंदिर, वेदी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर और मम्मदेव मंदिर हैं। कुंभलगढ़ किला परिसर में लगभग 360 मंदिर हैं, जिनमें से 300 जैन मंदिर हैं, और बाकी हिंदू हैं। इस किले की एक विशेषता यह भी है कि यह भव्य किला वास्तव में कभी युद्ध में नहीं जीता गया था। हालाँकि इसे केवल एक बार मुगल सेना ने धोखे से पकड़ लिया था जब उन्होंने किले की जल आपूर्ति में जहर मिला दिया था। मुख्य किले तक पहुँचने के लिए आपको एक खड़ी रैंप जैसे पथ (1 किमी से थोड़ा अधिक) पर चढ़ने की आवश्यकता है। किले के अंदर बने कमरों के साथ अलग-अलग खंड हैं और उन्हें अलग-अलग नाम दिए गए हैं। कुंबलगढ़ सड़क मार्ग से उदयपुर से 82 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित है। कैब लेने पर आपको लगभग 5000 खर्च करने पड़ सकते हैं, साथ ही आप किराए पर एक वाहन भी ले सकते हैं जो काफी सस्ता और मजेदार विकल्प है। वाहन का किराया लगभग 500-1000 रुपए प्रति दिन है और उदयपुर से कुंभलगढ़ पहुंचने में लगभग 2 घंटे लगते हैं। टिकट की कीमत - भारतीय नागरिकों के लिए किले में प्रवेश करने की कीमत 40 रुपए है और विदेशी नागरिकों के लिए, यह 600 रुपए है। पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है और इसकी कोई कीमत नहीं है।

### लाइट एंड साउंड शो

हर शाम एक लाइट एंड साउंड शो होता है जो शाम 6.45 बजे शुरू होता है और अगर आप यहां आए हैं, तो आपको इसे एक बार जरूर देखना चाहिए। 45 मिनट का शो एक आकर्षक अनुभव है जो किले के इतिहास को जीवंत कर देता है। शो की कीमत वयस्कों के लिए 100 रुपए है और बच्चों के लिए 50 रुपए है। यह शाम 6.45 बजे शुरू होता है और अंत तक आते-आते यहां काफी अंधेरा हो जाता है, इसलिए सलाह दी जाती है कि बाहर निकलने के लिए टॉर्च का इस्तेमाल करें। किले को रोशन करने के लिए शाम के समय विशाल रोशनी जलाई जाती है। इसमें करीब 100 किलो कपास और 50 लीटर घी का इस्तेमाल होता है। हर रात किले के प्रांगण में लाइट एंड साउंड शो होता है।

### विशाल शिवलिंग वाला शिव मंदिर

किले के अंदर स्थित शिव मंदिर जिसे नीलकंठ महादेव के नाम से जाना जाता है, में लगभग 5 फीट की ऊंचाई का एक विशाल शिवलिंग है। ऐसा कहा जाता है कि महाराणा कुंभ शरीर में इतने विशाल थे कि वह जब शिवलिंग का अभिषेक करते थे तो बैठे-बैठे ही शिवलिंग की ऊंचाई तक पहुंचकर दूध चढ़ाया करते थे।

### महाराणा प्रताप का जन्मस्थान

कुंभलगढ़ किला मेवाड़ के महान योद्धा बहादुर महाराणा प्रताप का जन्मस्थान भी है, जिन्होंने विशाल मुगलों के आगे कभी घुटने नहीं टेके। किले के ऊपर से आपको कुम्भलगढ़ के किले के आगे दूर-दूर तक फैले हरे-भरे पहाड़ों की परतें दिखाई देंगी।

## 36 किलोमीटर की दीवार दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार

कुंभलगढ़ किला राजस्थान में स्थित है जो कि इसका इतिहास बहुत ही प्राचीन और गौरवशाली रहा है। कुंभलगढ़ किले की 36 किलोमीटर की दीवार दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार है जो कि दुनिया भर में बहुत प्रभावशाली है। मेवाड़ के महाराणा कुंभा ने अनेक किलो का निर्माण करवाए थे जिसमें कुंभलगढ़ किला को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। कुंभलगढ़ दुर्ग उदयपुर से 88 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कुंभलगढ़ किला समुद्र तल से 1900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस दुर्ग में ऊंचाई वाले इलाकों पर कई महल मंदिर और इमारतें बनी हुई है और इस दुर्ग के अंदर की तरफ एक और दुर्ग बना हुआ है



जिसको कटरगढ़ के नाम से जाना जाता है। कुंभलगढ़ किला को मेवाड़ में चित्तौड़गढ़ दुर्ग के बाद सबसे प्रमुख माना जाता है। इस किले का इतिहास रहा है कि यह कुंभलगढ़ किला हमेशा से अभेद्य और अजेय रहा है। कुम्भ महल महाराणा कुम्भ का सबसे प्रमुख निवास स्थल था। महाराणा उदय सिंह ने ही उदयपुर शहर को बसाया था जो कि आज दुनिया भर में प्रसिद्ध है।

कुंभलगढ़ किले के अंदर लगभग 360 मंदिर बनी हुई है जिसमें 300 जैन मंदिर है और बाकी सब हिंदू मंदिर है। कुंभलगढ़ दुर्ग के चारों ओर 13 विशाल पर्वत और विशाल मजबूत दीवारें बनी हुई है। यह दुर्ग मेवाड़ के राजाओं का प्रमुख निवास स्थान रहा है। राणा सांगा का भी मेवाड़ के इतिहास में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दुर्ग के बनने के बाद से ही इस पर हमले होने शुरू हो गए फिर भी यह किला अजेय रहा है। राणा सांगा के पूरे शरीर पर 84 घाव होने के बावजूद भी वे युद्ध लड़ते रहे थे।
हल्दीघाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने इसी किले में काफी समय बिताए थे। कुंभलगढ़ किले की वास्तुकला और स्थापत्य कला बहुत ही अद्भुत है। इस किले को बनाने में लगभग 15 वर्षों का समय लगा था। कुंभलगढ़ दुर्ग राजस्थान के राजसमन्द जिले में स्थित है। इस किले को जीतने के लिए बहुत शासकों ने प्रयास किए पर सफलता प्राप्त नहीं कर पाए। यह कुंभलगढ़ किला कई पहाड़ और घाटियों से मिलकर बना हुआ है इसे वर्तमान समय में विश्व धरोहर की सूची में भी शामिल कर लिया गया है।



## किले का इतिहास

**राजस्थान में किलों की संख्या अनगनित हैं जिनमें कुम्भलगढ़ का किला भी मुख्य हैं. 30 किलोमीटर के विशाल धरातलीय भूभाग में फैला यह किला मेवाड़ के प्राचीन इतिहास तथा वीरता का साक्षी रहा हैं. मेवाड़ के प्रतापी शासक महाराणा कुम्भा ने इसका निर्माण करवाया था.**

इस महान दुर्ग को बनाने में 15 वर्षों का समय लगा. राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित इस किले को अजेयगढ़ उपनाम से जाना जाता था. क्योंकि इसकी प्रहरी मोटी दीवार को चाइना वाल की बाद संसार की सबसे दूसरी बड़ी दीवार माना जाता हैं.

अरावली की घाटियों में अवस्थित कुम्भलगढ़ महाराणा प्रताप की जन्म स्थली रहा हैं.

राजस्थान के कई किलों स्मारकों तथा ऐतिहासिक स्थलों को विश्व विरासत की सूचि में स्थान मिला हैं जिनमें चित्तौड़गढ़ का का किला तथा कुम्भलगढ़ के किले को भी शामिल किया गया हैं. क्षेत्रफल के लिहाज से यह चित्तौड़गढ़ के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा किला भी हैं. यही वजह हैं कि इसे देखने के लिए नित्य हजारो पर्यटक राजसमंद आते हैं.

इस किले का इतिहास बेहद प्राचीन रहा हैं, जिनके सम्बन्ध में कोई ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं रहे हैं. ऐसा माना जाता हैं. कि मौर्य सम्राट अशोक के पुत्र सम्प्रति ने इस दुर्ग का निर्माण करवाया गया था. कालान्तर में कई आक्रमणों के चलते यह विध्वस्त हो गया तथा राणा कुम्भा ने उन्ही अवशेषों पर 1443 में कुम्भलगढ़ का निर्माण आरम्भ करवाया, जो 1458 ई में बनकर तैयार हुआ. कुम्भा ने अपने शासनकाल में 32 बड़े दुर्गों का निर्माण करवाया जिनमें कुम्भलगढ़ भी था.

कुम्भलगढ़ का दुर्भेद्य किला राजसमंद जिले में सादड़ी गाँव के पास अरावली पर्वतमाला के एक उत्तुंग शिखर पर अवस्थित हैं. मौर्य शासक सम्प्रति द्वारा निर्मित प्राचीन दुर्ग के अवशेषों पर 1448 ई में महाराणा कुम्भा ने इस दुर्ग की नीव रखी. जो प्रसिद्ध वास्तुशिल्प मंडन की देखरेख में 1458 ई में बनकर तैयार हुआ. वीर विनोद के अनुसार इसकी चोटी समुद्रतल से 3568 फीट और नीचे की नाल से 700 फीट ऊँची हैं. बीहड़ वन से आवृत कुम्भलगढ़ दुर्ग संकटकाल में मेवाड़ राजपरिवार का प्रश्रय स्थल रहा हैं. कुम्भलगढ़ प्रशस्ति में दुर्ग के समीपवर्ती पर्वत श्रंखलाओं के श्वेत, नील, हेमकूट, निषाद, हिमवत, गंधमादन इत्यादि नाम मिलते हैं. वीर विनोद में कहा गया है कि चित्तौड़ के बाद कुम्भलगढ़ दूसरे नंबर पर आता हैं. अबुल फजल ने कुम्भलगढ़ की उंचाई के बारे में लिखा हैं कि यह इतनी बुलंदी पर बना हुआ हैं कि नीचे से ऊपर देखने पर सिर की पगड़ी गिर जाती हैं.

कुम्भलगढ़ मेवाड़ की संकटकालीन राजधानी रहा हैं.

महाराणा प्रताप का जन्म उदयसिंह का राज्याभिषेक और महाराणा कुम्भा की हत्या का साक्षी यह किला मालवा और गुजरात के शासकों की आँख का किरकिरा रहा. लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद भी वे उस पर अधिकार करने में असफल रहे. 1578 ई में मुगल सेनानायक शाहबाज खां ने इस पर अल्पकाल के लिए अधिकार कर लिया था. किन्तु समय बाद ही महाराणा प्रताप ने इसे पुनः अधिकार में ले लिया. तब से स्वतंत्रताप्राप्ति तक यह किला मेवाड़ के शासकों के पास ही रहा.

इस किले के चारो ओर सुद्रढ़ प्राचीर हैं, जो पहाडियों की ऊँचाई से मिला दी गई हैं. प्राचीरों की चौड़ाई सात मीटर हैं. इस किले में प्रवेश द्वार के अतिरिक्त कहीं से भी घुसना संभव नहीं हैं. प्राचीर की दीवारे चिकनी और सपाट हैं. और जगह जगह पर बने बुर्ज इसे सुद्रढ़ता प्रदान करते हैं. कुम्भलगढ़ के भीतर ऊँचाई पर एक लघु दुर्ग हैं. जिसे कटारगढ़ कहा जाता हैं. यह गढ़ सात विशाल दरवाजों और सुद्रढ़ दीवार से सुरक्षित हैं. कटारगढ़ में कुम्भा महल, सबसे ऊपर सादगीपूर्ण हैं. किले के भीतर कुम्भस्वामी का मंदिर, बादल महल, देवी का प्राचीन मंदिर, झाली रानी का महल आदि प्रसिद्ध इमारतें हैं.

हल्दीघाटी के युद्ध से पूर्व महाराणा प्रताप ने कुम्भलगढ़ में ही रहकर युद्ध सम्बन्धी तैयारियां की थी. तथा युद्ध के बाद कुम्भलगढ़ को ही अपना निवास स्थान बनाया था. कुम्भलगढ़ के दुर्भेद्य स्वरूप को निम्न दोहे में प्रकट किया गया हैं.

**झाल कटाया, झाली मिले,<br>न रंक कटाया राव<br>कुम्भलगढ़ रे कागंरे,<br>माछर हो तो आव**

इस तरह राजस्थान की शान के रूप में अपने अटल स्वरूप में खड़े कुम्भलगढ़ के किले को आपको भी देखने आना चाहिए. जो घनी अरावली की सुनहरी घाटियों में बसा हुआ हैं. यह भारत के सबसे सुरक्षित किलों में से एक रहा हैं. जिसे युद्ध अथवा आक्रमण के जरिये जीतने की किसी की तमन्ना पूरी नहीं हो पाई थी.

# पूरी दुनिया के लिए रहस्य है चीन का गांव यांग्सी



**दुनिया में कई ऐसे अनसुलझे रहस्य हैं, जिनपर से आज तक पर्दा नहीं उठ पाया है। ऐसा ही एक रहस्य है चीन के एक गांव का। सदियों से इस गांव के साथ एक ऐसा शाप चला आ रहा है जो चीन ही नहीं पूरी दुनिया के लिए रहस्य है। ये शापित गांव चीन के शिचुआन प्रांत में है। इसका नाम यांग्सी है।**

चीन के यांग्सी गांव में ज्यादातर आबादी छोटे कद की है। इस गांव की कुल आबादी का पचास फीसदी भाग बौनों का है। वहीं इनकी कुल लंबाई 2 फीट से लेकर मात्र तीन फीट तक है। चीन के इस गांव में पैदा होने वाले बच्चों की लंबाई 5 से 7 साल की उम्र तक तो सामान्य रूप से बढ़ती है, लेकिन इसके बाद रुक जाती है। यानी इनकी लंबाई 2 फीट से लेकर 3 फीट 10 इंच तक ही रहती है। वहीं कुछ-कुछ लोगों की लंबाई 10 साल की उम्र तक बढ़ती है।

### गांव पर है किसी बुरी शक्ति का साया!

एक तरफ आसपास के गांवों के लोगों का मानना है कि इस गांव पर किसी बुरी शक्ति का साया है, जिसकी वजह से यहां के लोगों की लंबाई नहीं बढ़ पाती है। वहीं दुसरी ओर मान्यता है कि गांव प्राचीन काल से ही शापित है, जिसका असर आज भी गांव पर देखने को मिलता है। लोगों के बौने होने के पीछे क्या रहस्य है, पिछले 60 सालों में इसका पता वैज्ञानिक भी नहीं लगा पाए हैं।

### किसी बीमारी का है असर!

इस गांव के बड़े-बुजुर्गों का कहना है कि दशकों पहले गांव को एक खतरनाक बीमारी ने अपनी चपेट में ले लिया था। बीमारी के कारण आज भी इस गांव के बच्चों की लंबाई एक समय के बाद रुक जाती है।
चीन के इस गांव में ऐसा 60 सालों से होता आ रहा है। लोगों के बौने होने को लेकर कई बार इस गांव में शोध भी किये गए, लेकिन वैज्ञानिक आज तक इस समस्या का हल नहीं निकाल पाए। गांव के प्राकृतिक संसाधनों पर भी पूरा रिसर्च किया जा चुका है। लेकिन कुछ खास पता नहीं चल सका। वहीं यांग्सी गांव को लेकर कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि इस की मिट्टी में पारा अधिक है। यह भी एक कारण हो सकता है। इसके अलावा बौनेपन का कारण वे जहरीली गैसें भी हो सकती हैं जो कई बरस पहले जापान ने चीन में छोड़ी थी।



संक्षिप्त समाचार

## सोने-चांदी की कीमतों में हुआ बदलाव

### चेक करें नए रेट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। सोने के घरेलू वायदा भाव मामूली गिरावट के साथ ट्रेड करते दिखे। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 अप्रैल 2024 की डिलीवरी वाला सोना मंगलवार सुबह 0.08 फीसदी या 55 रुपए की गिरावट के साथ 65,980 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड करता दिखा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोमवार को 24 कैरेट सोने का भाव 66,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। वैश्विक बाजार में भी मंगलवार सुबह सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है।
सोने के साथ ही चांदी की कीमतों में भी मंगलवार



सुबह गिरावट देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 0.02 फीसदी या 13 रुपये की गिरावट के साथ 74,501 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। हाजिर बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 100 रुपए गिरकर 75,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई थीं। वैश्विक बाजार में भी मंगलवार सुबह चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

### सोने-चांदी का वैश्विक भाव

सोने के वैश्विक भाव की बात करें, तो मंगलवार सुबह कॉमेक्स पर सोना 0.23 फीसदी या 5 डॉलर की गिरावट के साथ 2183.60 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोना हाजिर 0.22 फीसदी या 4.75 डॉलर की गिरावट के साथ 2178 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। सोने के साथ ही चांदी की वैश्विक कीमतों में भी मंगलवार को गिरावट देखने को मिली है। मंगलवार सुबह कॉमेक्स पर चांदी का भाव 0.22 फीसदी या 0.05 डॉलर की गिरावट के साथ 24.66 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, चांदी हाजिर 0.07 फीसदी या 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 24.45 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी।

## म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों का हिस्सा बढ़ा, एम्फी ने कहा- फंड की ओर रुख कर रहे निवेशक

**मुंबई, एजेंसी।** सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच की ओर से जारी एम्फी की रिपोर्ट में कहा गया है, 50 फीसदी महिला निवेशक 25-44 आयु वर्ग में आती हैं। व्यक्तिगत निवेशकों के कुल समूह में यह आंकड़ा 45 फीसदी है।
म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च, 2017 के 15 फीसदी से बढ़कर दिसंबर, 2023 में करीब 21 फीसदी पहुंच गई।उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं की संख्या में वृद्धि की यह रफ्तार शहरी केंद्रों की तुलना में दूर-दराज के क्षेत्र में अधिक तेज थी। इसके साथ ही, इस साल फरवरी में म्यूचुअल फंड में प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) 54 लाख करोड़ के पार पहुंच गई। बचत करने और कमाई बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में निवेशक म्यूचुअल फंड का रुख कर रहे हैं। सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच की ओर से जारी एम्फी की रिपोर्ट में कहा गया है, 50 फीसदी महिला निवेशक 25-44 आयु वर्ग में आती हैं। व्यक्तिगत निवेशकों के कुल समूह में यह आंकड़ा 45 फीसदी है।

### विमानन कंपनियों के शुद्ध घाटे में आ सकती है कमी

# यात्रियों के बढ़ने से मिलेगी मदद



**नई दिल्ली , एजेंसी।** एलएंडटी फाइनेंस, एलएंडटी इन्फ्रा सहित पांच गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ने प्रमाणपत्र आरबीआई को वापस लौटा दिया है। इसके बाद केंद्रीय बैंक ने सभी का पंजीकरण रद्द कर दिया। ये कंपनियां अब कारोबार नहीं कर पाएंगी।

भारतीय विमानन कंपनियों का शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है।अगले वित्त वर्ष में भी ऐसे रुझान बने रह सकते हैं। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा, यात्रियों की संख्या में अच्छी बढ़ोतरी और किराया निर्धारण के नियमों से विमानन कंपनियों को मदद मिली। घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 12.75 करोड़ होने का अनुमान है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विमानन क्षेत्र आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों और प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) कंपनी के इंजन से संबंधित समस्याओं से भी जूझ रहा है। रेटिंग एजेंसी का दावा है कि भारतीय विमानन कंपनियों के परिचालन में शामिल कुल बेड़े का 24-26 फीसदी हिस्सा 31 मार्च, 2024 तक उड़ान भरना बंद कर देगा।

एलएंडटी फाइनेंस, एलएंडटी इन्फ्रा सहित पांच गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ने प्रमाणपत्र आरबीआई को वापस लौटा दिया है। इसके बाद केंद्रीय बैंक ने सभी का पंजीकरण रद्द कर दिया। ये कंपनियां अब कारोबार नहीं कर पाएंगी। इनके अलावा, मरुधर फूड एवं क्रेडिट, क्रिएटिव इंट्रा, जिनवानी ट्रेडिंग और मंजूश्री फिनकॉर्प के साथ श्रुति फाइनेंशियल ने भी प्रमाणपत्र लौटा दिए हैं। आरबीआई ने चार और एनबीएफसी के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। इनमें निमिशा फाइनेंस, आरएमबी फाइनेंस, सुयश फिनोवेस्ट और कामधार लीजिंग हैं। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) के बोर्ड ने सोमवार को 2023-24 के लिए तीन रुपये प्रति शेयर के तीसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दे दी। इसके साथ, चालू वित्त वर्ष के लिए कुल अंतरिम लाभांश 10 रुपये के शेयर पर 11 रुपये है। जानकारी के अनुसार, तीसरे अंतरिम लाभांश भुगतान की रिकॉर्ड तिथि 22 मार्च, 2024 है। लाभांश भुगतान 10 अप्रैल, 2024 या उससे पहले होगा।

विमानन कंपनी इंडिगो की सूचीबद्ध मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लि. के सह संस्थापक राकेश गंगवाल ने कंपनी में थोक बिक्री के जरिये 6,785 करोड़ रुपये के शेयर सोमवार को बेच दिए।

## स्पाइसजेट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी समेत कई लोगों ने कंपनी छोड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पाइसजेट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सहित वाणिज्यिक टीम के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से कंपनी छोड़ दी है। यह बदलाव कंपनी में रणनीतिक पुनर्गठन के हिस्से के तहत किया गया है। एयर कंपनी स्पाइसजेट में एक बड़े बदलाव की खबर सामने आ रही है। कंपनी मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सहित वाणिज्यिक टीम के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से कंपनी छोड़ दी है। कंपनी के अनुसार यह बदलाव रणनीतिक पुनर्गठन के तहत किया गया है। हाल के दिनों में कंपनी के राजस्व और लोड फैक्टर




में लगातार और महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है। हाल ही में फंड जुटाने के साथ, स्पाइसजेट ने पूर्व के सभी विवादों के समाधान की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी क्षमता बढ़ाने, तेजी से बढ़ने और भारतीय विमानन क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तत्पर है। इसके तहत कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं।
स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि एयरलाइन में रणनीतिक पुनर्गठन के तहत उसके वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एयरलाइन के मुख्य परिचालन अधिकारी अरुण कश्यप और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने अपना इस्तीफा दे दिया है।
एयरलाइन के प्रवक्ता ने मंगलवार को एक बयान में कहा, % स्पाइसजेट के रणनीतिक पुनर्गठन के तहत मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सहित वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है।

# हल्की बढ़त के साथ खुला शेयर बाजार

## सेंसेक्स 42 और निफ्टी 6 अंक चढ़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ खुला है। बीते दिन बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था।

आज सेंसेक्स 42.52 अंक या 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,545.16 अंक पर खुला। निफ्टी 6.90 अंक या 0.03 प्रतिशत चढ़कर 22,339.60 अंक पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी पर अदाणी पोर्ट्स, बीपीसीएल, टीसीएस, इंफोसिस और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर में तेजी देखने को मिल रही है, जबकि आईटीसी, नेस्ले, ब्रिटानिया, एचयूएल और एचडीएफसी लाइफ लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं।

सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो और भारती एयरटेल के शेयर में तेजी देखने को मिली है। आईटीसी, नेस्ले, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और टाटा स्टील के शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहा है।


एशियाई बाजारों में, हांगकांग और सियोल उच्च स्तर पर कारोबार कर रहे थे, जबकि टोक्यो और शंघाई नकारात्मक क्षेत्र में थे। सोमवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।

वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.35 प्रतिशत उछलकर 82.50 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 4,212.76 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

आज डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रही है। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा में रुपया ग्रीनबैक के मुकाबले 82.74 पर खुला, फिर 82.72 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 3 पैसे की वृद्धि दर्शाता है। सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे की गिरावट के साथ 82.75 पर बंद हुआ।

### आईटीसी के शेयर में गिरावट, 400 से नीचे लुढ़का भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। आईटीसी लिमिटेड के शेयरों में आज 12 मार्च को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और शेयर का भाव 2.5 प्रतिशत टूटकर 400 रुपए के नीचे चला गया। इस गिरावट के साथ ही कंपनी के शेयर अब अपने 499.7 रुपए के शिखर से करीब 20 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहे हैं। बैट ने यह स्तर पिछले साल 24 जुलाई को छुआ था। सूत्रों के अनुसार, बैट की सबसे बड़ी शेयरधारक ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको इस सप्ताह कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है।
दिसंबर तिमाही तक के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार बैट के पास फिलहाल बैट में 29 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बैट ने फरवरी में कहा था कि बैट में उसकी अहम हिस्सेदारी है और यह कुछ पूंजी को जुटाने और उन्हें दूसरे जगहों पर लगाने का एक मौका हो सकता है। बैट बैट ने बताया, हम अपनी कुछ हिस्सेदारी को बेचने के लिए जरूरी नियामकीय प्रक्रियाओं को पूरा करने में लगे हैं और इस बारे में जल्द से जल्द से अपडेट करेंगे।




आईटीसी करीब 1900 के दशक की शुरुआत से ही किसी न किसी तरह से आईटीसी में शेयरधारक रहा है और इस दौरान इसने कई शेयर कैपिटल से जुड़े कई बदलावों और नियामकीय प्रतिबंधों को देखा है। ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स ने 29 फरवरी को एक रिपोर्ट में कहा था कि शॉर्ट-टर्म में कमोजर अर्निंग्स का अनुमान और बैट की ओर से हिस्सेदारी बेचने की खबर, आईटीसी के शेयरों में आई हालिया गिरावट के प्रमुख कारण है। गोल्डमैन सैक्स ने कहा कि मार्च तिमाही के दौरान कंपनी की सिगरेट बिक्री में सुधार हो सकता है लेकिन कागजी कारोबार में निकट अवधि की आय में गिरावट हो सकती है। ब्रोकरेज ने कहा कि आय में संभावित रिकवरी के वित्त वर्ष 2025 की सितंबर तिमाही तक आने की संभावना है।

## म्यूचुअल फंड में महिलाएं कर रही जमकर निवेश, 21 प्रतिशत बढ़ी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च, 2017 में 15 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में लगभग 21 प्रतिशत हो गई है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस साल फरवरी में म्यूचुअल फंड में प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) 50 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई। बड़ी संख्या में निवेशक बचत करने और कमाई बढ़ाने के लिए म्यूचुअल फंड की ओर आ रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च, 2017 में 15 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में लगभग 21 प्रतिशत हो गई है। इस दौरान वृद्धि की यह गति शहरी केंद्रों की तुलना में दूर-दराज के क्षेत्र में अधिक तेज थी। एम्फी के लिए क्रिसिल द्वारा तैयार और सेबी चेयरपर्सन




माधबी पुरी बुच द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 50 प्रतिशत महिला निवेशक 25-44 आयु वर्ग में आती हैं, जबकि व्यक्तिगत निवेशकों के कुल समूह में यह आंकड़ा लगभग 45 प्रतिशत है। म्यूचुअल फंड उद्योग में महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40 प्रतिशत गोवा में है। इसके बाद पूर्वोत्तर राज्य 30 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चंडीगढ़, महाराष्ट्र और नई दिल्ली में भी प्रबंधन के अधीन संपत्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। अधिकतर महिला एमएफ निवेशक नियमित योजना मार्ग के माध्यम से निवेश करना जारी रखते हैं और म्यूचुअल फंड वितरक के माध्यम से निवेश करने पर लंबे समय तक निवेशित रहते हैं। महिला म्यूचुअल फंड वितरकों की संख्या भी बढ़ी है। दिसंबर, 2023 तक यह संख्या 42,000 अंक के करीब थी और उनकी कुल प्रबंधन अधीन संपत्ति एक लाख करोड़ रुपए से अधिक थी।

### व्यापारिक पहुंच और डॉलर की कमजोरी के बीच

# बिटकॉइन 72,000 डॉलर तक बढ़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रेडिंग पहुंच में वृद्धि और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोमवार को बिटकॉइन 72,000 से अधिक की अभूतपूर्व ऊंचाई पर पहुंच गया। दुनिया की अग्रणी क्रिप्टोकरेंसी को अतिरिक्त गति मिली, क्योंकि बाजार सहभागियों ने एक आगामी उद्योग घटना की उम्मीद की है। ये ऐतिहासिक रूप से बिटकॉइन के मूल्य को बढ़ाने के लिए जानी जाती है। इस उछाल ने पिछले सप्ताह के उल्लेखनीय प्रदर्शन को जारी रखा। इस दौरान बिटकॉइन नवंबर 2021 के अपने पिछले शिखर को पार कर डॉलर 68,991 तक पहुंच गया।

यूके के वित्तीय आचरण प्राधिकरण की घोषणा से बिटकॉइन की वृद्धि को और बढ़ावा मिला, जो क्रिप्टो-संबंधित प्रतिभूतियों को जारी करने की अनुमति देने के अमेरिकी नियामकों के फैसले को दर्शाता है। इस साल की शुरुआत में अमेरिकी अधिकारियों ने बिटकॉइन की हाजिर कीमत से जुड़े एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को मंजूरी दे दी है। जिससे मुख्यधारा के निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो में डिजिटल संपत्ति को शामिल करना आसान हो गया। ÷यह उल्लेखनीय उछाल मुख्य रूप से क्रिप्टो क्षेत्र में बढ़ती संस्थागत रुचि के कारण है। बिटकॉइन ईटीएफ के आगमन ने परिदृश्य में क्रांति ला दी है, जिससे पारंपरिक निवेशकों को परिचित चैनलों के माध्यम से क्रिप्टो तक सहजता से पहुंचने में मदद मिली है। जैसे-जैसे डिजिटल परिसंपत्ति पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व हो रहा है, हम इन आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों के प्रति निवेशकों की भावना में उल्लेखनीय बदलाव देख रहे हैं।

यह मील का पत्थर ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी क्षमता में हमारे दृढ़ विश्वास को मजबूत करता है और बिटकॉइन मूल्य के भंडार और अनिश्चितता के खिलाफ बचाव के रूप में महत्वपूर्ण वादा करता है, ÷सुमित गुप्ता, सह-संस्थापक, कॉइनडीसीएक्स ने कहा। बिटकॉइन बाजार में निवेश करने वाले निवेशक वर्तमान में लाभदायक रिटर्न प्राप्त कर रहे हैं, यह देखते हुए कि मौजूदा कीमत सभी ऐतिहासिक स्तरों से अधिक है। फिर भी, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पिछला प्रदर्शन भविष्य के परिणामों का आश्वासन नहीं देता है, निवेश विचार-विमर्श में सतर्क जोखिम मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल देता है। संस्थानों में बिटकॉइन की बढ़ती स्वीकार्यता टोकन की कीमत में वृद्धि के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर रही है। निवेशक इसे परिसंपत्ति के लिए अधिक विश्वसनीयता की दिशा में एक कदम के रूप में देख रहे हैं। उदाहरण के लिए, आज लंदन स्टॉक एक्सचेंज ने घोषणा की कि वे इस वर्ष बिटकॉइन और एथेरियम एक्सचेंज-ट्रेडेड नोट्स (ईटीएन) स्वीकार करेंगे।

टीथर के डॉलर2 बिलियन डॉलर यूएसडीटी के नए निवेश के साथ बाजार में अधिक तरलता है, जो ईटीएफ के बीच बिटकॉइन की बढ़ती मांग का संकेत देता है। वज़ीरएक्स के वीपी राजगोपाल मेनन ने कहा, पारिस्थितिकी तंत्र खुद को नई ऊंचाइयों के लिए तैयार कर रहा है और बेहतर लाभ के लिए बाजार में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा है।

## कई विकसित देश रुपये में करना चाहते हैं व्यापार, भारत के साथ साझेदारी से घटेगी लेनदेन की लागत: गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोयल ने कहा, बांग्लादेश और श्रीलंका पहले से ही हमसे बात कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी रुपये में कारोबार पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा। बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी देशों के साथ कई विकसित एवं विकासशील देश भारत से रुपये में कारोबार करना चाहते हैं।



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लेनदेन की लागत घटेगी। यह कदम भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव का संकेत है।
गोयल ने कहा, बांग्लादेश और श्रीलंका पहले से ही हमसे बात कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी रुपये में कारोबार पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा। इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है।
मंत्री ने कहा, हमने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से शुरुआत की। यूएई इसे स्वीकार करने वाले पहले देशों में से एक था। अब इसमें तेजी आ रही है। धीरे-धीरे अन्य देशों को यह एहसास हो रहा है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है, जबकि घरेलू मुद्रा में व्यापार के कई फायदे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 वर्ल्ड कप टीम से कट सकता है विराट कोहली का पत्ता




**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिपोर्ट्स की मानें तो विराट कोहली को स्क्वॉड से बाहर रखा जा सकता है। इसके पीछे का कारण बताया जा रहा है कि वेस्टइंडीज और यूएसए में विकेट धीमे होंगे। ऐसे में उनकी बैटिंग स्टाइल से भारत को फायदा नहीं होगा। हालांकि, एक लाइफलाइन विराट कोहली के पास आईपीएल 2024 है, जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करके वे अपनी जगह बचा सकते हैं। रिपोर्ट की मानें तो टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए विराट कोहली को आईपीएल 2024 में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। चयनकर्ता कोहली को टी20 विश्व कप के लिए चुनने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि प्रबंधन का मानना है कि अनुभवी खिलाड़ी सबसे छोटे प्रारूप में टीम की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहे हैं। कोहली ने टी20 विश्व कप 2022 के बाद से कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। वे रोहित शर्मा के साथ अफगानिस्तान टी20 सीरीज में खेले थे, लेकिन ज्यादा सफल नहीं हो पाए थे। दो ही मैच उन्होंने खेले थे। वहीं, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी20 विश्व कप के लिए रोहित शर्मा को कप्तान बनाए जाने की पुष्टि की। हालांकि, जब उनसे विराट कोहली के टी20आई भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई ने कोहली के चयन की गुत्थी मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर पर छोड़ दी है। यह बहुत नाजुक मामला है। ऐसे में लोग इसमें शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं। अगरकर ने कोहली से टी20आई क्रिकेट के उनके दृष्टिकोण में बदलाव के लिए कहा था, जिसे कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में लागू करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए।

### टी20 वर्ल्ड कप के लिए मिचेल मार्श होंगे कप्तान, कोच का मिला समर्थन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी पैट कमिंस नहीं बल्कि मिचेल मार्श को सौंपी जा सकती है। इस बात का समर्थन खुद टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने किया है। टीम के कोच ने मार्श के नाम को आगे रखा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि जल्द ही क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कप्तान के तौर पर मार्श के नाम का ऐलान कर सकता है। साल 2022 में टी20 वर्ल्ड कप के बाद फिंच ने संन्यास ले लिया था। इसके बाद मार्श ने अनौपचारिक आधार पर टी20 में नेतृत्व की भूमिका निभाई है। एंड्रयू मैकडोनाल्ड, जॉर्ज बेली की अध्यक्षता वाले सेलेक्शन पैनल का हिस्सा हैं। वो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को सिफारिश करेंगे कि 32 वर्षीय मार्श को औपचारिक आधार पर बागडोर सौंपी जाए। आरोन फिंच की सेवानिवृत्ति के बाद फुलटाइम कप्तान की भूमिका तय करना अभी भी बाकी है। एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, जिस तरह से वह उस टी20 टीम के साथ काम करने में सक्षम हैं, उससे हम खुश और सहज हैं।

# आईपीएल 2024: ऋषभ पंत फिट घोषित, शमी बाहर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बीसीसीआई ने मंगलवार को एक बड़ी खुशखबरी दी है। बोर्ड ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल 2024 के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को लेकर मंजूरी दे दी है।

ऋषभ पंत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें आगामी आईपीएल के लिए मंजूरी दे दी है। बीसीसीआई ने सोमवार को मेडिकल और फिटनेस अपडेट जारी किया।

बीसीसीआई ने अपने बयान में बताया, 30 दिसंबर, 2022 को रूड़की, उत्तराखंड के पास एक जानलेवा सड़क दुर्घटना के बाद 14 महीने के पुनर्वास से गुजरने के उपरांत ऋषभ पंत को अब आगामी टाटा आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है।

दिसंबर 2022 में बांग्लादेश में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला समाप्त होने के बाद से आईपीएल 2024 में पंत की वापसी होगी। बीसीसीआई ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा पर मेडिकल अपडेट भी दिया, जिसमें कहा गया कि तेज गेंदबाजों की जोड़ी आईपीएल के 2024 संस्करण में नहीं खेल पाएगी।

## इंग्लैंड को कुछ युवा तेज गेंदबाज ढूंढने होंगे: बॉयकॉट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर ज्योफ्री बॉयकॉट ने कहा कि इंग्लैंड को जेम्स एंडरसन से आगे बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि वे हमेशा भावनाओं के आधार पर एंडरसन को नहीं चुन सकते हैं। साथ ही, उन्होंने टीम से 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया के लिए एशेज यात्रा के लिए युवा और तेज गेंदबाजों को खोजने का आग्रह किया है। 41 वर्षीय जेम्स एंडरसन ने धर्मशाला में भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन कुलदीप यादव को आउट करके 700 टेस्ट विकेट की उपलब्धि हासिल की और ऐसा करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए। वह अब टेस्ट में विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में मुथैया मुरलीधरन और शेन वॉर्न के बाद तीसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब तक इंग्लैंड एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी, तब तक एंडरसन 43 वर्ष के हो जाएंगे। इसलिए इंग्लिश टीम सिर्फ एंडरसन से उम्मीद नहीं लगा सकती। इंग्लैंड को नए और युवा तेज गेंदबाज तलाशने होंगे, जिन्हें जेम्स एंडरसन से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है। मार्क वुड और ओली रॉबिन्सन जैसे अन्य तेज गेंदबाज भारत के टेस्ट दौरे पर गंभीर प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। बॉयकॉट ने अपने कॉलम में लिखा, अगली एशेज तक जिमी 43 साल के हो जाएंगे और उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इंग्लैंड को कुछ युवा सीमर ढूंढने होंगे जो 20 ओवर फेंक और अगले दिन और अधिक के लिए तैयार रहें। ऑस्ट्रेलिया के लिए टीम चुनने से पहले उन्हें मौके दिए जाने की जरूरत है।

# धोनी ही नहीं ये 5 भारतीय दिग्गज भी ले सकते हैं आईपीएल 2024 के बाद संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल का 17वां सीजन 22 मार्च से होगा। सीजन का पहला मैच गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। हालांकि यह सीजन कितने भारतीय दिग्गजों के लिए आखिरी हो सकता है। इस बात की तो पूरी संभावना है कि चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का आखिरी आईपीएल हो सकता है। लेकिन माही के अलावा यह 5 भारतीय सूरमा भी इस आईपीएल सीजन के बाद संन्यास ले सकते हैं। आइये उन खिलाड़ियों के बारे में विस्तार से जानते हैं।




### दिनेश कार्तिक

38 साल के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आईपीएल में 2008 में डेब्यू किया था। जब से अब तक उन्होंने 242 मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम 20 अर्धशतक के चलते 4516 रन है। कार्तिक अब इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेलते और वह कमेंट्री भी करने लग गए हैं। हो सकता है वह इस सीजन के बाद आईपीएल से संन्यास लेलें।

### पीयूष चावला

आईपीएल के लीजेंड और अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला का भी यह आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है। वह इसके बाद संन्यास ले सकते हैं। चावला ने आईपीएल में 181 मुकाबले खेले हैं और 179 विकेट लिए हैं।

### रिद्धिमान साहा

अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने 2008 में आईपीएल डेब्यू किया था। जब से अब तक उन्होंने 161 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 2798 रन बनाए हैं। उनके नाम आईपीएल में 1 शतक और 13 अर्धशतक हैं। साहा अब भारतीय टीम के लिए नहीं खेलते हैं। हो सकता यह उनका आखिरी आईपीएल हो।

### अमित मिश्रा

भारतीय टीम के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा 41 साल के हो गए हैं। वह भी 2008 से आईपीएल खेल रहे हैं। अब तक उन्होंने 161 आईपीएल मुकाबले खेले हैं और 173 विकेट झटके हैं। उनका भी यह आखिरी आईपीएल साबित हो सकता है।

### अजिंक्य रहाणे

भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 2008 से आईपीएल खेल रहे हैं उन्होंने अब तक 172 आईपीएल मैच में 400 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक और 30 अर्धशतक देखने को मिले हैं। रहाणे इस साल अच्छे नोट पर आईपीएल खत्म कर संन्यास ले सकते हैं।

## नार्डी ने विश्व नंबर-1 जोकोविच को हराकर बड़ा उलटफेर किया

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** 20 वर्षीय इटालियन लुका नार्डी , जिन्होंने परीबा ओपन के मुख्य ड्रॉ में लकी लूज़र खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया। लेकिन, इय युवा खिलाड़ी ने विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच को तीसरे राउंड में दो घंटे 17 मिनट में 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर सबको चौंका दिया। पिछले हफ्ते नार्डी क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में डेविड गोफिन से हार गए, लेकिन उन्हें लकी लूज़र के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने के लिए बुलाया गया जब अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी ने ड्रॉ से नाम वापस ले लिया। वर्ल्ड नंबर 123 रैंक वाला इटालियन मास्टर्स 1000 या ग्रैंड स्लैम इवेंट में जोकोविच पर जीत हासिल करने वाला इतिहास का सबसे कम रैंक वाला खिलाड़ी बन गया है। वह मास्टर्स 1000 में मौजूदा विश्व नंबर 1 को हराने वाले चौथे सबसे कम रैंक वाले खिलाड़ी भी हैं। नार्डी ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं है। मैं क्या कह सकता हूं? कल रात मैं इसके बारे में सपना देख रहा था, मैं कोचों से इसके बारे में बात कर रहा था। अब यह सच है! इटालियन, जो अपने प्रदर्शन के दम पर अगले सप्ताह शीर्ष 100 में डेब्यू करने के लिए तैयार है, राउंड 16 में अमेरिकी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। सिनसिनाटी और पेरिस में खिताब जीतने के बाद जोकोविच का एटीपी मास्टर्स 1000 में अपनी 11 मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया । 2018 में इंडियन वेल्स में नंबर 109 टैरो डैनियल से हार के बाद उन्हें एटीपी रैंकिंग के शीर्ष 50 के बाहर किसी खिलाड़ी से पहली हार का सामना करना पड़ा। इंडियन वेल्स में अपने मुख्य ड्रॉ में डेब्यू कर रहे नार्डी शुरुआती सेट में बेहतर थे, क्योंकि उन्होंने छठे गेम में सर्विस ब्रेक के साथ पहला सेट 6-4 से जीत लिया।



# सूर्या पर लग सकता है ग्रहण, फिटनेस को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के शीर्ष टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टखने की सर्जरी के बाद बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे हैं। लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन में मुंबई इंडियंस के पहले दो मैचों के लिए उनकी उपलब्धता संदिग्ध है।

**आईपीएल के शुरुआती दो मैच नहीं खेलेंगे सूर्या?**

मुंबई इंडियंस की टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को पिछले साल के उपविजेता गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी। आईसीसी रैंकिंग का यह शीर्ष टी20 बल्लेबाज खेल में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'सूर्यकुमार का रिहैबिलिटेशन सही रास्ते पर है और वह निश्चित रूप से आईपीएल के आगामी सत्र में वापसी करेंगे। यह हालांकि अभी भी स्पष्ट नहीं है कि एनसीए की 'स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम' गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद (27 मार्च) के खिलाफ पहले दो मैचों में खेलने के लिए मंजूरी देगी या नहीं।'

सूर्यकुमार के इंस्टाग्राम हैंडल को देखे तो उन्होंने स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग से जुड़ी ट्रेनिंग करते हुए कुछ वीडियो साझा किये हैं। उन्होंने अभी तक बल्लेबाजी अभ्यास का कोई वीडियो साझा नहीं किया है। सूत्र ने कहा, 'मुंबई इंडियंस के शुरुआती मैच में अभी 12 दिन बाकी हैं, लेकिन इससे पहले फिट होने के लिए उनके पास कम समय है।

**मुंबई इंडियंस और भारत के लिए अहम हैं सूर्यकुमार यादव**

सूर्यकुमार मुंबई के सबसे अहम बल्लेबाजों में से एक है। उनके नाम 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में चार शतक और 171 से अधिक के स्ट्राइक रेट के साथ 2,141 रन है। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में भारत की खिताब की संभावना काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेंगी कि सूर्यकुमार यादव कैसा खेलते हैं। आईपीएल में मुंबई के सफल अभियान के लिए भी सूर्यकुमार काफी अहम है। सूर्यकुमार ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच दक्षिण अफ्रीका में खेले था। उन्होंने तब टी20 प्रारूप में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था।

# श्रेयस अय्यर के बल्ले ने रणजी फाइनल में उगली आग

**मुंबई, एजेंसी।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने मंगलवार को आलोचकों को करार जवाब दिया। अय्यर के बल्ले ने मुंबई बनाम विदर्भ रणजी ट्रॉफी फाइनल में आग उगली। वह महज पांच रन से शतक से चूक गए। उन्होंने मुंबई के लिए दूसरी पारी में 111 गेंदों में 10 चौकों और 3 छक्कों के दम पर 95 रन बनाए। अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। वह सेमीफाइनल के अलावा फाइनल की पहली पारी में भी छाप नहीं छोड़ सके थे, जिसके चलते उनकी आलोचना हो रही थी।




अय्यर पांचवें नंबर पर बैटिंग के लिए उतरे। उन्होंने मुशीर खान के साथ बखूबी मोर्चा संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। अय्यर ने तूफानी अर्धशतक ठोका और वह अलग ही टच में नजर आ रहे थे। हालांकि, अय्यर 102वें ओवर में नर्वस नाइंटीज का शिकार हो गए। उन्हें आदित्य ठाकरे ने अमन मोखड़े के हाथों लपकवाया। वहीं, 19 वर्षीय मुशीर ने 225 गेंदों में अपनी सेंचुरी कंप्लीट की। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का दूसरा शतक है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दोहरा शतक ठोका था। वह सरफराज खान के भाई हैं, जिन्होंने इंग्लैंड सीरीज में टेस्ट डेब्यू किया।

मुंबई ने मैच के तीसरे दिन 141/2 से आगे खेलना शुरू किया। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 143 गेंदों में 73 रन बनाए। इस पारी को छोड़ दें तो रहाणे के लिए टूर्नामेंट अच्छा नहीं रहा। उन्होंने फाइनल से पहले सात मैचों 134 रन बनाए। उन्होंने फाइनल की पहली पारी में महज सात रन बटोरे। रहाणे भी टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। गौरतलब है कि मुंबई की टीम मजबूत स्थिति में है। मुंबई ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। जवाब में विदर्भ की टीम 105 रन पर सिमट गई थी। मुंबई को पहली पारी के आधार पर 117 रनों की बढ़त मिली। मुंबई ने मंगलवार टी ब्रेक तक कुल बढ़त 476 रन की बना ली थी।

## सरफराज के भाई मुशीर खान ने जड़ा धांसू शतक, रणजी ट्रॉफी फाइनल में खेली ऐतिहासिक पारी

**मुंबई, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी 2024 का फाइनल मुकाबला मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में मुंबई के सरफराज खान के भाई मुशीर खान ने कमाल कर दिया। बड़े भाई तो कमाल कर ही रहे हैं। वहीं अब छोटे भाई मुशीर खान ने भी अपने नाम का डंका बजाया है। मुशीर खान ने रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल मुकाबले में विदर्भ के खिलाफ कमाल का शतक ठोका है।

19 साल के मुशीर खान ने रणजी ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले की दूसरी पारी में गजब की बल्लेबाजी की है। इतना ही नहीं बल्कि मुशीर खान अब भी पिच पर डटे हैं। खान ने 272 गेंदों का सामना कर 8 चौकों की मदद से 117 रन बना लिए हैं। पिछले कुछ समय से मुशीर खान का बल्ला जमकर बोल रहा है। उन्होंने हाल ही में हुए अंडर 19 वर्ल्ड कप 2024 में गजब का प्रदर्शन किया था।इतना ही नहीं बल्कि मुशीर खान अब भी पिच पर डटे हैं।

# तमिल-तेलगू में धमाल मचाने के बाद मलयालम डेब्यू के लिए तैयार अनुष्का



साउथ अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के चलते अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। अभिनेत्री को अपने शानदार अभिनय प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में एक सफल अभिनेत्री के तौर पर पहचान बनाने वालीं अनुष्का शेट्टी अब मलयालम फिल्में में डेब्यू करने जा रही हैं। हॉरर फिल्म कत्तानार- द वाइल्ड सॉरसरर के साथ अभिनेत्री अपने मलयालम डेब्यू के लिए तैयार हैं। फिल्म के निर्देशक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी है। काफी वक्त से खबरें आ रही थीं कि अनुष्का शेट्टी आगामी कत्तानार- द वाइल्ड सॉरसरर में अहम भूमिका निभाएंगी। अब सोशल मीडिया पर सामने आए पोस्ट ने इन खबरों पर मुहर लगा दी है।

कत्तानार- द वाइल्ड सॉरसरर निर्देशक रोजिन थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम पर अनुष्का शेट्टी और फिल्म की टीम के साथ सेट से एक तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में वह अनुष्का का सेट पर स्वागत करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में अभिनेत्री हाथों में भगवान श्रीकृष्ण की मुर्ति के साथ पोज देती नजर आ रही हैं।






# 3 दिन में 50 करोड़ के पार हुई शैतान, भोला को छोड़ा पीछे

अजय देवगन और आर. माधवन की फिल्म शैतान से इन दिनों सिनेमाघरों की रौनक बढ़ गई है। दर्शक फिल्म पर खूब प्यार लुटा रहे हैं और थिएटर की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। उन्हें लीक से हटकर बनाई गई इस फिल्म की कहानी आकर्षित कर रही है। फिल्म 8 मार्च को रिलीज हुई थी। इसने तीन दिन में ही भारत में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपए का खास आंकड़ा छू लिया है। शैतान ने ओपनिंग डे पर 14.75 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इसके बाद शनिवार को भी इसका जादू बरकरार रहा और इसने 18.75 करोड़ रुपए अपनी झोली में डाल लिए। अब तीसरे दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने रविवार (10 मार्च) को 20 करोड़ रुपए कमाए। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 53.50 करोड़ रुपए पहुंच गई है। इस मामले में अजय की ही फिल्म भोला पिछड़ गई जो पिछले साल 30 मार्च को रिलीज हुई थी। 'भोला' ने तीन दिन में 30.8 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। शैतान ने पूरी दुनिया में 60 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके डायरेक्टर विकास बहल और प्रोड्यूसर अजय देवगन हैं। माधवन 'शैतान' के नेगेटिव किरदार में दिखाई दे रहे हैं।

# वेब सीरीज थेरेपी शेरेपी में एक साथ दिखाई देंगे गुलशन- नेहा



एक्टर गुलशन देवैया और नेहा धूपिया मेंटल हेल्थ पर आधारित वेब सीरीज थेरेपी शेरेपी में पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। एक्टर गुलशन ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हर परिवार अपने सदस्यों के लिए एक सुरक्षित स्थान बना सके तो इस दुनिया से बहुत सारी परेशानियां गायब हो जाएंगी।

इससे लोग बेहद खुश रहेंगे। शो की कहानी औसत मध्यम आय वाले परिवार के बारे में है। उन्होंने आगे कहा, मैं देख रहा हूं कि लोग धीरे-धीरे परिवार के पालन-पोषण के लिए एक सुरक्षित स्थान बना रहे हैं। दुनिया एक बेहतर जगह हो सकती है और हमें इसकी शुरुआत घर से ही करनी चाहिए।

सूत्रों के अनुसार, थेरेपी शेरेपी की शूटिंग फिलहाल चल रही है, कहानी के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।



# टाइगर 3 के बाद सलमान की आगामी फिल्म की हुई घोषणा



सुपरस्टार सलमान खान के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दबंग खान साजिद नाडियाडवाला की मेगा बजट एक्शन फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसका निर्देशन साउथ के दिग्गज निर्देशक ए आर मुरुगादॉस करेंगे। मंगलवार को फिल्म की आधिकारिक घोषणा की गई है। नाडियावाला ग्रैंडसन के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट शेयर कर इस फिल्म की घोषणा की गई।


## इस दिन रिलीज होगी फिल्म

इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, लंबे समय से सलमान खान के साथ जारी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए हम रोमांचित हैं। सलमान खान के साथ हमारी अगली फिल्म के लिए शानदार निर्देशक ए आर मुरुगादॉस भी हमारे टीम मे शामिल हुए है। सलमान के साथ हमारी यह फिल्म सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है, जो ईद 2025 पर रिलीज होगी।

# लैला मजनू के फ्लॉप होने के बाद टूट गई थी तृप्ति

साल 2023 में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली एनिमल ने तृप्ति डिमरी को स्टार बना दिया। स्क्रीन पर कम स्पेस मिलने के बावजूद तृप्ति ने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई। तृप्ति के अभिनय का जादू लोगों पर कुछ इस तरह चला कि वे नेशनल क्रश बन गईं। फिल्हाल तृप्ति अपनी इस सफलता का आनंद ले रही हैं। फैंस का अटेंशन अभिनेत्री को खूब पसंद आ रहा है, लेकिन एक समय ऐसा भी था, जब उनकी फिल्म लैला मजनू ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और वे पूरी तरह से टूट गई थीं। इसका खुलासा खुद तृप्ति ने एक साक्षात्कार में किया। साक्षात्कार में तृप्ति ने बताया कि उन्हें अपनी फिल्म लैला मजनू से काफी उम्मीदे थीं, उन्हें लगा था कि फिल्म हिट होगी और लोग उन्हें पहचानने लगेंगे, लेकिन यह फ्लॉप हो गई और दिल टूट गया। फिल्म में उनके साथ अविनाश तिवारी मुख्य भूमिका में थे। तृप्ति ने यह भी बताया कि जब फिल्म रिलीज होने वाली थी तो तृप्ति को लगा था कि वे अब बाहर नहीं निकल पाएंगी।

यह फिल्म उन्हें स्टार बना देगा, लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई तो बहुत कम लोग इसे देखने गए। तृप्ति ने कहा, लैला मजनू के फ्लॉप होने के बाद भी मुझे फिल्मों के ऑफर मिलें, लेकिन इनमें कुछ भी खास नहीं था। इसलिए मैंने खुद पर काम करना शुरू किया। कई वर्कशॉप में भाग लिया और खुद को संभाल पाई। इसके बाद मुझे फिल्म बुलबुल मिली। हालांकि, इस दौरान बहुत से लोगों ने ओटीटी पर काम करने के मेरे फैसले पर सवाल भी उठाया था। क्योंकि उस समय ने भारत की सिर्फ 8 फिल्में रिलीज की थीं। फिलहाल तृप्ति डिमरी की कई फिल्में लाइन-अप है, जिससे वे एक बार दर्शकों पर अभिनय का जादू चलाएंगी।



# यामी गौतम ने फिल्मी अवार्ड्स को फेक कहा

ऑस्कर अवार्ड्स के समापन पर यामी गौतम ने फिल्मी अवार्ड्स शो को फर्जी बताया। उन्होंने फिल्म ओपनहाइमर के लिए किलियन मर्फी को बधाइयां दी। यामी ने किलियन मर्फी के काम की प्रशंसा भी की। यामी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- पिछले कुछ सालों से मुझे मौजूदा नकली फिल्मीअवार्ड्स में कोई विश्वास नहीं रहा। यही वजह है कि मैंने अवॉर्ड शो अटेंड करना भी छोड़ दिया है। आज मुझे वास्तव में बहुत खुशी महसूस हो रही है क्योंकि किलियन मर्फी ने अपने काम से ये साबित कर दिया कि वे कितने बेहतर हैं। आपको इस तरह से सबसे बड़े ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित होते देखना यही बताता है कि आखिर में आपका टैलेंट ही सबसे ऊपर होता है।

**ओपेनहाइमर ने जीते 7 ऑस्कर अवॉर्ड**

11 मार्च को लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में 96वें ऑस्कर अवॉर्ड का ऐलान हुआ। सेरेमनी में ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म समेत कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किए। किलियन मर्फी बेस्ट एक्टर, क्रिस्टोफर नोलन बेस्ट डायरेक्टर बने। इसी फिल्म के लिए रॉबर्ट डाउनी जूनियर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला। ये उनके करियर का पहला ऑस्कर है। ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म एडिटिंग, बेस्ट ओरिजिनल स्कोर और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी कैटेगरी के अवॉर्ड भी अपने नाम किए। फिल्म कुल 13 कैटेगरी में नॉमिनेट हुई थी।

# पटना शुक्ला में अन्याय के खिलाफ लड़ती नजर आएंगी रवीना टंडन

सुपरस्टार सलमान खान ने रवीना टंडन की अपकमिंग फिल्म पटना शुक्ला का ट्रेलर जारी किया है। इस फिल्म में एक्ट्रेस अन्याय के खिलाफ एक छात्रा के लिए केस लड़ती नजर आएंगी। पटना शुक्ला एक आम महिला तन्वी शुक्ला (रवीना) की कहानी है जो उसी के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। रवीना फिल्म में एक छात्रा का केस लड़ेंगी, जिसे भरोसा है कि उसने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया, मगर उसे उसके हिसाब से नंबर नहीं मिले।

एक्स पर सलमान खान ने एक मिनट और 54 सेकंड का वीडियो शेयर किया है जिसकी शुरूआत तन्वी के रूप में रवीना के मेहमानों को चाय और नाश्ता परोसने से शुरू होती है। वह कहती है कि हम सिर्फ हाउसवाइफ नहीं हैं, जिस पर एक आदमी जवाब देता है, तन्वी भाभी वकील भी हैं। तन्वी के पति का किरदार निभाने वाले मानव विज कहते हैं, ये एफिडेविट बहुत अच्छा बनाती हैं। वीडियो में एक छात्रा को दिखाया गया है, जो परीक्षा रोल नंबर घोटाले से संबंधित अपना केस लड़ने के लिए तन्वी के पास आती है। स्निपेट में जतिन गोस्वामी को एक राजनेता के रूप में दिखाया गया है जो तन्वी को रिंकी कुमारी (अनुष्का कौशिक) का मामला छोड़ने की धमकी दे रहा है। तन्वी जवाब देती है कि क्या कर लेंगे आप, मरवा देंगे? जतिन कहते हैं कि हम आज कल के नेता हैं, अवैध काम वैध तरीके से करते हैं। इसमें आगे दिखाया गया है कि कैसे इस केस की वजह से तन्वी के पति की नौकरी चली जाती है।

वीडियो तन्वी के यह कहने के साथ समाप्त होता है कि हम नहीं झुकेंगे। वीडियो शेयर करते हुए सलमान ने लिखा कि रोल-नंबर स्कैम है केस जिनका अगला, स्वागत करो रवीना का पटना शुक्ला में। रवीना ने अपने आधिकारिक अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि अन्याय से दबी आवाज के लिए, न्याय का आगाज करने आ रही है तन्वी।

यह फिल्म रोल नंबरों के शिक्षा घोटाले पर प्रकाश डालती है जो भारत में हजारों ईमानदार छात्रों के जीवन को प्रभावित करता है। यह दो महिलाओं की दिल छू लेने वाली कहानी है जो दबावों और मातृत्व की जिम्मेदारियों से निपटते हुए न्याय के लिए लड़ने के लिए आगे बढ़ती हैं। फिल्म में चंदन रॉय सान्याल और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी हैं। अरबाज खान प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित और विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित, कोर्ट रूम ड्रामा 29 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आएगी।





# स्वातंर्त्य वीर सावरकर में अंकिता को कास्ट नहीं करना चाहते थे रणदीप

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 से अंकिता लोखंडे ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। अंकिता बिग बॉस 17 की विजेता तो नहीं बन पाईं, लेकिन अब उन्हें कई बड़े प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिल रहे हैं। इन ऑफर्स में टेलीविजन प्रोजेक्ट्स के अलावा फिल्में भी शामिल हैं। अंकिता रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंर्त्यवीर सावरकर में नजर आने वाली हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि रणदीप नहीं चाहते थे कि अंकिता इस फिल्म का हिस्सा बने।

आइए जानते हैं क्यों। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में खुलासा किया कि उनके सह-कलाकार रणदीप हुड्डा शुरू में नहीं चाहते थे कि वह उनकी आगामी फिल्म स्वातंर्त्यवीर सावरकर का हिस्सा बनें क्योंकि उन्हें लगता था कि वह पत्नी यमुनाबाई सावरकर की भूमिका निभाने के लिए बहुत यंग हैं। फिल्म में विनायक दामोदर सावरकर बायोपिक में रणदीप भारतीय राजनेता, कार्यकर्ता और लेखक विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका में नजर आएंगे।

इसके साथ ही अभिनेत्री ने कहा, रणदीप हुड्डा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं आपको फिल्म में चाहता हूं, जिस पर अभिनेत्री ने जवाब दिया, क्यों?। इस पर उन्होंने ऐसा कहा, आप इस किरदार यमुनाबाई सावरकर के लिए बहुत सुंदर हैं।

# नेपोटिज्म को लेकर अरबाज ने दिया बड़ा बयान

अभिनेता अरबाज खान बॉलीवुड में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। अरबाज पटकथा लेखक सलीम खान के बेटे और सुपर स्टार सलमान खान के भाई हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान वे नेपोटिज्म पर खुलकर अपनी राय जाहिर करते दिखे। अरबाज खान बॉलीवुड के एक बड़े खानदान से ताल्लुक रखते हैं। उनसे जब ये पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि स्टार किड्स को नेपोटिज्म से फायदा मिलता है। इस सवाल के जवाब में अरबाज कहते हैं, देखिए अगर आपके पिता किसी प्रोफेशन में हैं तो आपके लिए उस क्षेत्र का दरवाजा जरूर खुल जाता है, लेकिन आपको वहां काम अपने टैलेंट से मिलेगा न कि पिता की वजह से। यह बात सिर्फ बॉलीवुड में ही नहीं बल्कि हर जगह लागू होती है। अरबाज खान अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, हां मैं इस बात को जरूर मानता हूं कि अगर आपके परिवार का कोई सदस्य किसी पेशे में है, तो आपके लिए वहां जाकर काम ढूंढना आसान हो जाता है, लेकिन अगर आप वहां काम नहीं कर पाएंगे तो आपको असफलता ही मिलेगी।

